
हिन्दी दैनिक
# तीसरा विकल्प न्यूज़
(लखनऊ से प्रकाशित)
वर्षः- 02, अंकः-35, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.
लखनऊ, सोमवार 15 जुलाई 2024



सिद्धेश्वर रुद्र महायज्ञ भक्ति ज्ञान संत सम्मेलन के...02

मुहर्रम को देखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक...06

# भाजपा कार्यसमिति : 2027 में हम फिर लौट रहे हैं, अब मुहर्रम में सड़कें सूनी नहीं होतीं : योगी

### अति आत्मविश्वास ने हमारी अपेक्षाओं को चोट पहुंचाई

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमने यूपी में 2014, 2017, 2019 और 2022 में बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए विपक्ष पर लगातार दबाव बनाए रखा था। 2014 और उसके बाद के चुनावों में जितना मत प्रतिशत भाजपा के पक्ष में था, 2024 में भी भाजपा उतना वोट पाने में सफल रही है, लेकिन वोटों की शिफ्टिंग और अति आत्मविश्वास ने हमारी अपेक्षाओं को चोट पहुंचाई है। जो विपक्ष पहले हार मान के बैठ गया था, वो आज फिर से उछल-कूद मचा रहा है।

### किसी भी स्थिति में बैकफुट पर आने की आवश्यकता नहीं

2022 में विपक्ष चुनाव के बाद मारपीट पर उतारू हो गया था। तब हमारे सभी कार्यकर्ताओं को ये लगा कि वास्तव में हमारी सरकार का माफिया मुक्त यूपी का विज़न इन्हीं गुंडों के लिए है। आज आपके सहयोग से हमें यूपी को माफिया मुक्त करने में सफलता मिली है। इसके अलावा अयोध्या में श्रीरामलला अपने मंदिर में विराजमान हुए तो 500 वर्षों का इंतजार भी समाप्त हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को किसी भी स्थिति में बैकफुट पर आने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि आपने कार्य किया है। जब आप विपक्ष में थे तब जनता के मुद्दों को लेकर लड़ते थे, जब सरकार में हैं तो यूपी में सुरक्षा का वातावरण देखने को मिल रहा है।



**लखनऊ, संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में 10 सीटों पर होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए सभी को अभी से सक्रिय होना होगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा और राज्यसभा सांसद के साथ ही विधायकगण, एमएलसी, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, ब्लॉक प्रमुख, चेयरमैन और पार्षद सभी लोग आज से ही 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। हमें एक बार फिर प्रदेश में भाजपा का परचम लहराना है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया पर सुपर एक्टिव होना होगा और किसी भी प्रकार की अफवाहों का तत्काल खंडन करना होगा। सीएम योगी रविवार को डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के डॉ भीमराव अंबेडकर सभागार में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। सीएम योगी ने कहा कि हमने बुंदेलखंड को डकैत मुक्त बनाने का संकल्प लिया था जो कि पूरा हो चुका है। प्रदेश माफिया मुक्त हो चुका है। उन्होंने डॉ लोहिया को याद करते हुए कहा कि लोहिया जी ने कहा था कि जबतक भारत में राम, कृष्ण और शिव की पूजा होगी भारत को कोई समाप्त नहीं कर सकता। मगर इन समाजवादियों ने राम, कृष्ण और शिव की परंपरा को लहुलूहान किया था। सीएम योगी ने कहा कि जब प्रयागराज में राजू पाल और उमेश पाल की हत्या होती है, तब क्या ये लोग पिछड़ी जाति के नहीं थे।

### आज मुहर्रम हो रहा है ये पता भी नहीं चलता

सीएम योगी ने कहा कि कभी मोहर्रम में सड़कें सूनी हो जाती थीं। आज मुहर्रम हो रहा है ये पता भी नहीं चलता। ताजिया के नाम पर घर तोड़े जाते थे, पीपल के पेड़ काटे जाते थे, सड़कों के तार हटाए जाते थे। आज कहा जाता है कि गरीब की झोपड़ी नहीं तोड़ेंगे, तार नहीं तोड़ेंगे। हमारा स्पष्ट तौर पर निर्देश है कि पर्व और त्योहार मनाना है तो नियमों के अंतर्गत मनाओ, वरना घर में बैठ जाओ। भाजपा ने पूरे देश में विधि और सुशासन की सरकार चला के दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल की चर्चा करते हुए कहा कि तब प्रधानमंत्री मोदी ने सेवा ही संगठन का मंत्र दिया था।

कृष्णानंद राय के साथ रमेश पटेल और रमेश यादव भी मौत के घाट उतार दिये गये, क्या ये पिछड़ी जातियों के नहीं थे। आज माफिया के लिए फातिहा पढ़ने वाले फिर से चिल्ला-चिल्ला कर चुनौती देने की स्थिति में आ गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कन्नौज के मेडिकल कॉलेज का नाम डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम पर था। सपा के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने उसका नाम बदल दिया। हमारी सरकार आने के बाद हमने फिर से बाबा साहब के नाम पर विश्वविद्यालय का नामकरण किया। समाजवादी पार्टी हमेशा से दलित चिंतकों और महापुरुषों का अपमान करती रही है। इन लोगों ने अनुसूचित जाति के आरक्षण में सेंध लगाने का कार्य किया। एससी के स्कॉलरशिप को रोकने का काम किया। वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी जी ने बाबा साहब के पंच तीर्थ बनाए गये। संविधान को सिर माथे रखकर नई संसद में स्थापित किया। भाजपा संविधान को सर्वोच्च सम्मान देने वाली पार्टी है। मगर अफवाह और भ्रम फैलाकर माहौल खराब करने का प्रयास किया गया। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया जानती है कि हमारा समाज बिखरा होगा तो आसानी से शिकार हो जाएगा, मगर एकजुट होगा तो बड़ी-बड़ी ताकतें भी इसके सामने धराशाई हो जाएंगी। जाति के नाम पर विभाजित और शक्ति को छिन्न-भिन्न करने का जो पाप इस चुनाव में हुआ है, हमें इससे सतर्क और सावधान होना होगा।

### यूपी में कभी इन्फ्रास्ट्रक्चर कल्पना थी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम जाति, मत, मजहब के नाम पर भेदभाव नहीं करते। 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन किसी की जाति, धर्म देखकर नहीं मिल रहा। कोरोना काल में भी भूख से मौत और आत्महत्या नहीं होने दिया गया। उस कालखंड में भी हमारे कार्यकर्ता अपनी जान की परवाह किये बगैर लगातार कार्य करते रहे। जिस कोरोना के सामने दुनिया की बड़ी-बड़ी ताकतें नतमस्तक हो गईं, उसे पीएम मोदी के नेतृत्व में समाप्त करने का कार्य हम सबने मिलकर किया। सीएम योगी ने इन्सेफ्लाइटिस का मामला सामने रखते हुए कहा कि जब जेपी नड्डा जी देश के स्वास्थ्य मंत्री बने थे तब मैं एक सांसद के नाते उनसे मिला था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना होगा। इसी सोशल मीडिया का उपयोग करके षड्यंत्र के साथ विरोधी ताकतें और विदेशी लगे थे, जिसमें वो सफल हो गये। हम राष्ट्रवादी मिशन वाले लोग हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं को ये देखना होगा कि सोशल मीडिया पर क्या चल रहा है। हमें अफवाहों का तत्काल खंडन करना होगा। अनुसूचित जाति के महापुरुषों के बारे में भाजपा के विचारों को सबके सामने लाना होगा। 2019 में हमने इसी प्रदेश में सबसे बड़े गठबंधन को धराशायी किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने नगर निकाय चुनाव में सभी 17 मेयर सीटें जीतीं, सर्वाधिक नगर निकायों की सीट हम जीते। प्रदेश में सर्वाधिक चेयरमैन और पार्षद हमारे हैं। आजमगढ़ और रामपुर के उपचुनाव में हमने जीत दर्ज की। आने वाले सभी 10 विधानसभाओं के उपचुनाव में भी भाजपा का परचम लहराएगा। इसके लिए हमें अभी से जुट जाना है। यही हमारा संकल्प आज से होना चाहिए। जिले में मेयर से लेकर पार्षद तक हमारा है। एक-एक व्यक्ति को जुटना होगा, ब्लॉक प्रमुख, चेयरमैन, महापौर, जिला पंचायत सदस्य, विधायक, एमएलसी, राज्यसभा सांसद और लोकसभा सांसद को मिलकर संकल्प को पूरा करना है। जिन लोगों को आज उछल कूद करने का अवसर मिला है, वो दोबारा उछल कूद नहीं कर पाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### एनआरए की निष्क्रियता पर सरकार का मौन क्यों नहीं टूटता : खडगे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी(एनआरए) को लेकर मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार साल पहले जिस एजेंसी को देश के करोड़ों युवाओं के लिए वरदान बता रहे थे,वह आज किस वजह से निष्क्रिय हुई है इस बारे में सरकार को स्पष्टीकरण देना चाहिए। श्री खडगे ने कहा नरेंद्र मोदी जी, कल आप मुंबई में नौकरियाँ देने पर झूठ का मायाजाल बुन रहे थे। मैं आपको पुनः याद दिलाना चाहता हूँ कि (एनआरए) राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी की घोषणा करते हुए आपने क्या कहा था। अगस्त 2020 में आपने कहा था – एनआरए करोड़ों युवाओं के लिए वरदान साबित होगा। सामान्य पात्रता परीक्षा के माध्यम से,यह कई परीक्षाओं को समाप्त कर देगा और कीमती समय के साथ-साथ संसाधनों की भी बचत करेगा।

### लोकसभा में गौरव गोगोई बने कांग्रेस के उपनेता, के सुरेश मुख्य सचेतक

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने रविवार को सांसद गौरव गोगोई को लोकसभा में पार्टी का उपनेता बनाने के साथ ही पार्टी सांसद के. सुरेश को मुख्य सचेतक तथा दो सचेतक नियुक्त किए। कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने आज यहां बताया कि कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर सदन में कांग्रेस के उपनेता, मुख्य सचेतक और सचेतकों की नियुक्ति के बारे में सूचित किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने श्री गोगोई को लोकसभा में पार्टी का उपनेता बनाया है जबकि श्री सुरेश को मुख्य सचेतक और सांसद मणिक्कम टैगोर और डॉ मोहम्मद जावेद को सचेतक बनाया गया है।

### सर्वोच्च न्यायालय के गुजारा भत्ता फैसले का मुस्लिम महिलाओं ने किया स्वागत

**प्रयागराज, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय के तलाक के बाद 'शौहर से गुजारा भत्ता' पाने के अधिकार के निर्णय का मुस्लिम महिलाओं ने स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक फैसला करार दिया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की अधिवक्ता और नामचीन सामाजिक कार्यकर्ता नाजिया नफीस ने 10 जुलाई के उच्चतम न्यायालय का तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को उनके शौहर से गुजारा भत्ता का अधिकार देने के फैसले का स्वागत करते हुए राहत और मानवीय संवेदनाओं वाला बताया है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के फैसले से मुस्लिम महिलाओं को उनका वाजिब अधिकार मिलेगा।

## मोदी के आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान बना जन आंदोलन : शाह



**इंदौर, एजेंसी।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रारंभ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान केवल अभियान न रहकर अब पूरे देश में जनआंदोलन बन गया हैं। यह अभियान हमारी माँ और धरती माँ के प्रति हमारी श्रद्धा के भाव का प्रकटीकरण हैं। श्री शाह यहां के रेवती रेंज परिसर में आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 11 लाख वृक्षारोपण के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, सांसद शंकर लालवानी, सांसद कविता पाटीदार, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक तथा सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा, फिल्म निर्देशक, निर्माता और लेखक नीरज पाठक और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि आज पूरे देश में हर व्यक्ति अपनी मां और धरती मां दोनों के नाम से पौधा लगाकर उन्हें प्रणाम कर रहा है। मध्यप्रदेश का इंदौर पहले से स्वच्छता, स्वाद, सहयोग, सुशासन और सहभागिता के लिए जाना जाता हैं। आज से इंदौर एक पेड़ माँ के नाम अभियान में वृहद पौध-रोपण के लिए भी देश भर में जाना जाएगा। इंदौर में 24 घंटे में 11 लाख पौधे रोपने का यह विश्व विक्रम पुण्य श्लोक देवी अहिल्याबाई की नगरी इंदौर को नए कीर्तिमान के साथ पूरे विश्व में प्रसिद्ध करेगा।

## बिहार में 7 नदियां उफान पर, महाराष्ट्र-कर्नाटक में रेड अलर्ट

### एमपी समेत 5 राज्यों में बारिश की चेतावनी



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** नेपाल से सटे बिहार और यूपी के कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं। बिहार के बगहा में गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर से बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। राज्य की 7 नदियां (घाघरा, गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा और परमान नदी) खतरे के निशान से ऊपर हैं। यहां पिछले 48 घंटे में 25 लोगों की मौत बिजली गिरने से हुई है। उधर, यूपी में सबसे ज्यादा खराब स्थिति पीलीभीत, लखीमपुर खीरी और शाहजहांपुर की है। यहां 20 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। इटावा में कई निचले इलाकों में पानी भरा हुआ है। यहां रविवार (14 जुलाई) को रोडवेज बस आधी डूब गई है। 2 घंटे तक यात्री बस में फंसे रहे। बाद में बस को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। मानसून पूरे देश में सक्रिय है। सबसे ज्यादा असर देश के पश्चिमी राज्यों महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, गोवा में देखा जा रहा है। मौसम विभाग ने 14 जुलाई को इन राज्यों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, मध्यप्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में भी भारी बारिश का अलर्ट है। जबकि असम, मेघालय, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल और झारखंड में तेज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आज मुंबई के लिए बारिश का आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बीएमसी ने स्टेटमेंट जारी करते हुए लोगों से कहा है कि जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकले। आज मुंबई में 50 की रफ्तार से हवा चलेगी। इसके अलावा महाराष्ट्र के रायगढ़, रत्नागिरी, कोल्हापुर, सतारा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। राज्य के बाकी हिस्सों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। कोंकण, गोवा, केरला, कर्नाटक के तटीय इलाकों, महाराष्ट्र के घाट से लगे हुए इलाकों, नगालैंड और गुजरात में 14 से 17 जुलाई तक बहुत ज्यादा बारिश की संभावना है। असम, मेघालय, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल और झारखंड में तेज बारिश हो सकती है।

## मुस्लिम बोर्ड गुजारा भत्ते पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का करेगा विरोध



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने रविवार को अपने अध्यक्ष को तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के अनिवार्य भरण-पोषण पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को वापस लेने के उपाय शुरू करने के लिए अधिकृत किया। बोर्ड ने नयी दिल्ली में राष्ट्रपति हजरत मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी की अध्यक्षता में अपनी बैठक में निर्णय लिया कि मुस्लिम तलाकशुदा महिलाओं के भरण-पोषण पर शीर्ष अदालत का हालिया फैसला इस्लामी कानून (शरीयत) के खिलाफ था। एआईएमपीएलबी ने पवित्र कुरान के अनुसार निकाह की निरंतरता के महत्व पर जोर दिया और कहा कि तलाक के बाद पुरुषों को पूर्व पत्नियों को बनाए रखने के लिए मजबूर करना अव्यावहारिक है। बैठक की कार्रवाई का संचालन महासचिव मौलाना मुहम्मद फजलुर्रहीम मुजादीदी ने किया और इसमें देश भर से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बोर्ड ने भारत में समान नागरिक संहिता के कार्यान्वयन का विरोध करते हुए तर्क दिया कि यह अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ है। बोर्ड ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को चुनौती देने का संकल्प लिया और अपनी कानूनी समिति को एक याचिका दायर करने का निर्देश दिया। बोर्ड ने इस बात पर जोर दिया कि भारत जैसे बहु-धार्मिक देश में, धार्मिक संस्थाओं को अपने स्वयं के कानूनों का पालन करने का अधिकार है।

## कश्मीर के कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों ने 3 आतंकी मार गिराए

### एलओसी से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे, सर्च ऑपरेशन जारी



**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा के पास सुरक्षाबलों ने रविवार को 3 आतंकियों को मार गिराया। तीनों लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। इनके पास से पिस्तौल, गोला-बारूद बरामद किए गए। तीनों की पहचान का खुलासा नहीं किया गया है। मामले में जांच जारी है। अभी भी एनकाउंटर जारी है। इससे पहले 22 जून को जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकियों को मार गिराया था। घटना गोहलन इलाके में हुई थी। वहीं, 19 जून को जम्मू-कश्मीर के बारामूला के हादीपोरा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच एनकाउंटर हुआ था, जिसमें दो आतंकी मारे गए, जबकि स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का एक जवान और एक पुलिसकर्मी घायल हुए। 19 जून को ही जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रियासी से 45 साल के ओवर ग्राउंड वर्कर हकीम-उद-दीन को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी आतंकियों का बड़ा मददगार है, जिसने रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस पर हमला करने में आतंकियों की मदद की थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने 6000 रुपए में आतंकियों को पनाह दी थी। आतंकियों को खाना मुहैया कराने के साथ घटनास्थल तक पहुंचने का रास्ता भी बताया था। इस हमले में 9 श्रद्धालु मारे गए थे, जबकि 40 घायल हुए थे। 9 जून को रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले की जांच एनआईए को सौंप दी गई थी। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद इस केस में नई एफआईआर दर्ज की गई। 16 जून को ही गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग की।

## नहर की सफाई के दौरान कर्मचारी के बहने का मामला गरमाया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केरल के तिरुवनंतपुरम रेलवे स्टेशन के पास नहर में बहे रेलवे के अस्थायी ठेका कर्मचारी जॉय की तलाश जारी है। जानकारी के मुताबिक जॉय तिरुवनंतपुरम सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्लेटफॉर्म के बीच पटरियों के नीचे बनी 200 मीटर लंबी अमायिजंजन नहर की सफाई कर रहा था, इस दौरान भारी बारिश से नहर में पानी के बहाव बढ़ने से वो बह गया। वहीं इस मामले में केंद्रीय रेल मंत्री को लिखे एक पत्र में माकपा सांसद ए.ए. रहीम ने कहा कि रेलवे उन कर्मचारियों के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने में बुरी तरह विफल रहा।

## मणिपुर में सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला, सीआरपीएफ जवान शहीद

### जिरीबाम में कुकी उग्रवादियों ने फायरिंग की, जवान के सिर में गोली लगी



**जिरीबाम, एजेंसी।** मणिपुर के जिरीबाम में सीआरपीएफ और पुलिस टीम के काफिले पर कुकी उग्रवादियों ने रविवार (14 जुलाई) को हमला कर दिया। इसमें सीआरपीएफ का एक जवान शहीद हो गया।

पुलिस का एक अधिकारी भी घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि मोंगबुंग में कुकी उग्रवादियों ने पहाड़ी इलाके से गोलीबारी की। गोली सीआरपीएफ जवान अजय कुमार झा के सिर पर लगी। इसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मोंगबुंग में गोलीबारी शनिवार देर रात से ही शुरू हो गई थी। रविवार सुबह सीआरपीएफ और पुलिस ने उग्रवादियों पर जवाबी कार्रवाई की। इसमें उग्रवादियों को कितना नुकसान पहुंचा, अभी जानकारी सामने नहीं आई है। मणिपुर पुलिस ने इम्फाल ईस्ट और इम्फाल वेस्ट जिलों से हथियार और गोला-बारूद जब्त किया है। इसमें इम्फाल ईस्ट में एक्-56 राइफल, एक एसएलआर, एक .38 पिस्टल, दो ग्रेनेड और 25 राउंड की गोलियां बरामद की हैं। सुरक्षाबलों ने यहां सर्च ऑपरेशन चलाया था।

## नरेंद्र मोदी हमारे नेता हैं विजनरी लीडर हैं: शिवराज सिंह चौहान



**रांची, एजेंसी।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं कोई मंत्री या नेता के रूप में नहीं आया हूं मैं भी आपका कार्यकर्ता हूं, हम यहां परिवार के भाव से बैठे हैं और भाजपा पार्टी नहीं पार्टी से आगे बढ़ाकर एक परिवार है। झारखंड प्रदेश चुनाव प्रभारी एवम केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने आज यहां खिजरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मान एवम विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब से मिलकर मेरी अंतर्रात्मा गदगद, मैं प्रसन्न हूं कि आप जैसे कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने आया हूं। वैसे मैं मंत्री नहीं हूं मैं तो मामा हूं बहनों का भैया हूं। मध्यप्रदेश में हर बहन यह मानती है कि यह मेरा भाई है,और भाई भी सौतेला नहीं सगा भाई। एक रिश्ता आत्मीयता का एक बंधन स्नेह का, प्रेम का और आज उसी बंधन में आपको बांधने भी आया हूं मामा का मतलब क्या होता है।

## श्री राधा कृष्ण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का बड़े ही हार्ष के साथ किया आयोजन












**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

काकोरी लखनऊ - काकोरी स्थित जेहटा मल्लाह चौराहे के पास राधा कृष्ण मन्दिर में वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच आचार्यों ने भगवान राधा कृष्ण की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की। दोपहर बाद कन्या भोज व भंडारे के साथ पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन का समापन हो गया। कलावती पत्नी कल्लू राम ने अपने जीवन के संकल्प को पूरा कर श्री राधा कृष्ण मंदिर में प्रभु इक्षा से कार्य करवाया।मंदिर में परिसर में शिव जी पार्वती के साथ गणेश,कार्तिक एवं हनुमान जी की प्रतिमा की भी स्थापना की गई। मंदिर में भगवान राधा कृष्ण की मूर्ति स्थापना को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं के आगमन का सिलसिला शुरू हो गया था। महिलाओं ने ढोल मजीरे की थाप पर भजन गीत गा कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। आचार्यों ने श्रद्धालुओं की मौजूदगी में मंदिर में वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच भगवान श्री राधा कृष्ण की मूर्तियों को स्थापित कि और भगवान को भोग लगाया। मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान समूचा मंदिर प्रांगण श्री राधा कृष्ण की जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर कल्लू राम ने भंडारे का भी आयोजन किया।

जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कलावती पत्नी कल्लू राम, विधायक जेय देवी अनील , सरवन, लालजी, अजेय रावत,नसीम, वर्ष रावत,प्रभात किशोर (जैकी),गौर नीताई,सोनी, पूनम ,भांजा रवि इसके अलावा बड़ी तादात में शहर व उसके आस-पास क्षेत्रों के श्रद्धालु मौजूद रहे। इससे पूर्व झांकियों का प्रदर्शन किया तथा आचार्यों ने अपने अमृतमयी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को धर्म के रास्ते पर चलने को प्रेरित किया।

# सिद्धेश्वर रुद्र महायज्ञ भक्ति ज्ञान संत सम्मेलन के षष्ठम दिवस में ब्रह्मर्षि स्वामी विद्यानंद सरस्वती ने बहाई ज्ञान की गंगा भक्तों ने लगाई डुबकी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर - जिले की तहसील सिधौली क्षेत्र के प्रसिद्ध सिद्धेश्वर महादेव मन्दिर में चल रहे सिद्धेश्वर रुद्र महायज्ञ भक्ति ज्ञान संत सम्मेलन में षष्ठम दिवस पर यज्ञ में परम पूज्य ब्रम्हर्षि स्वामी विद्यानन्द सरस्वती महाराज का आगमन हुआ। आचार्य अनिल मिश्र निर्देशन में वैदिक मण्डल के आचार्यो के मंत्रोच्चारण के साथ यजमान सुनीता मिश्र पत्नी उत्तम मिश्र के द्वारा स्वामी विद्यानंद सरस्वती का स्वागत अभिनंदन व पूजन अर्चन किया गया।स्वामी विद्यानंद सरस्वती ने श्रोताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि परमात्मा', आत्मा का परम रूप साधारण इन्सान परमात्मा को अपने से अलग समझता है, परन्तु आत्मा और परमात्मा अलग-अलग नहीं बल्कि एक ही परम तत्व के दो नाम हैं, अंतर सिर्फ इतना है कि 'परमात्मा', आत्मा का परम रूप है। 'परम' का अर्थ है, संपूर्ण या विराट। उन्होंने कहा कि ब्रह्म का स्वरूप ही आनंद है,जिसका अनुभव करने मात्र से ही आनंद की अनुभूति होती है। वह परमपिता परमात्मा आनंद स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि परमात्मा के लिए प्यास प्रकट करना पड़ता है। व्यक्ति -व्यक्ति के लिए बेचैन हो उठता है, लेकिन परमात्मा के लिए कहां बेचैन होता है। वह परमात्मा स्वयं रस स्वरूप है। परमात्मा दर्शन से जो भाव जागृत होता है वही प्रेम है। दोनों तरफ बराबर का भाव जागृत नहीं होगा, तब तक प्रीति पराकाष्ठा पर नहीं पहुंच सकती है। बिसवाँ से पधारी मानस मंदाकिनी पूर्णिमा मिश्रा ने कहा कि सत्संग तो श्रवण में ही होता है। जीवन में ज्ञान की प्यास का बहुत महत्व है। अगर प्यास होती तो जिज्ञासा प्रकट होती है। भगवत भक्ति में प्यास उत्पन्न होने लगती है तो समझो कि तुम्हारे अंदर भगवती रूपी भक्ति अवतरित हो रही है। प्यास को बुझना भी नहीं चाहिए। अगर प्यास नहीं रहे तो जीवन में रस नहीं रहेगा। इसलिए सत्संग को श्रवण करो और अपने जीवन मे उतारो। वही भिंड मध्य प्रदेश से पधारे सुरेश रामायणी ने कहा कि मन ही मनुष्य के बंधन और मोक्ष का कारण है। मनोगत भाव विचार ही जीवन की दिशा, दशा तय करते हैं। इसलिए जीवन के उत्थान के लिए जरूरी है कि मन को शुभ संकल्प और पवित्र स्वच्छ विचारों से संपन्न रखें। इसके साथ ही अपना परिवेश भी बाह्यांतर स्वच्छ पवित्र रहे। कहते हैं, तीर्थों को स्वच्छता प्रदान करना ही तीर्थ सेवा है। सबसे उत्तम तीर्थ हमारा मन है,क्योंकि केवल शुद्ध मन में ही भगवान का वास है और वही सबसे पवित्र तीर्थस्थली है। बाराबंकी से पधारें प. राजेंद्र तिवारी ने कहा कि भक्त और भक्ति की व्याख्या करते हुए कहा कि वह जिस ओर से गुजर जाता है पृथ्वी का वह भाग पवित्र हो जाता है, जिस कुल में भक्त जन्म लेता है वह कुल पवित्र हो जाता है। यह भक्त का लक्षण है,जिस तरह पुष्प के आसपास का क्षेत्र सुगंधित हो जाता है। उसी तरह भक्ति के प्रकट होते ही यह स्थिति निर्मित होती है। परमात्मा आनंद स्वरूप है। मन्दिर परिसर सुंदर भजनों से गुंजाय -मान हो गया।यज्ञ में यज्ञ मण्डप की परिक्रमा और माथा टेकने के लिए श्रृद्धालुओं का तांता लगा रहा है यज्ञ मण्डप से उठने वाली निरंतर मंत्र उच्चारण और शंख की ध्वनि से सारा वातावरण भक्ति में बना हुआ। श्रृद्धालु प्रवचन का आनंद उठा रहे हैं यज्ञ समायोजक स्वामी प्रकाशानंद सरस्वती ने सभी के आशीर्वचन से आशीर्वाद दिया। वहीं सत्संग समापन व आरती बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कन्हैयालाल दीक्षित, बच्चे बाजपेई,उमेश,रवि,अनिल शुक्ल, टिंकल, टिंकज,पूजा मधु,नीता,राहुल, अनूप,अरुण,सोनू,टिंकू, रोहित,राम प्रकाश,प. राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, रजनीश पाण्डेय,सुबोध अवस्थी श्रवण कुमार,वेद मिश्रा,रामासरे पाण्डेय, शत्रुघ्न तिवारी,शिवसागर दीक्षित,हरी, ज्ञानेश पाल धनगर ,देवेश शुक्ल,विमल शुक्ल,अनुज मिश्रा,राधे राजपूत, रामनरेश जगदेव अजय,विजय व महिलाओं में पूजा,रोली,रिंकी कश्यप रोमी,सुनीता,कोमल,सीमा,पूनम, गुड़िया सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।




## पीरनगर में श्मशान घाट भी चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट: तेज आंधी और बारिश से गिरी दीवार लाखो से बना था शवदाह स्थल



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर - जिले के विकास खण्ड कसमण्डा क्षेत्र में भृष्टाचार का मामला सामने आया है।जानकारी के अनुसार भृष्टाचार का एक नजारा बानगी पीर नगर में देखने को मिला। यहां साल 2022-2023 में शव दाह स्थल की बाउंड्री वॉल बनवायी गयी थी जो दो दिन पूर्व तेज आंधी और बारिश के बीच ढह गयी। बारिश आंधी ने खोली भृष्टाचार की पोल बुद्धवार की देर रात जिले में तेज आंधी व बारिश हुई है। इन तेज हवाओं में कई स्थानों पर पेड़ गिरने व विद्युत सप्लाई बाधित होने की सूचना मिली। लेकिन कसमण्डा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत पीरनगर इलाके से बड़ी खबर सामने आई। यहां ग्राम पंचायत के तहत करीब ढाई लाख रुपए से बनवायी गयी शवदाह स्थल की बाउंड्री वॉल इस बरसात को नहीं झेल सकी और भरभरा कर ढह गयी ये हाल तब है जबकि अभी मानसून ने पूरी तरह दस्तक नहीं दी है। रुपयों की बंदरबांट जिस तरह से आंधी और बारिश के बीच यह पूर्ण रूप से ढह गया है। उससे पता चलता है कि इन रुपयों की बंदरबांट की गई थी। महज शोपीस के तौर पर बाउंड्री वॉल बना कर खड़ा कर दिया गया था। जो तेज हवा तक को भी नहीं झेल सका और ढह गया। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि जिलाधिकारी को इस मामले पर संज्ञान लेना चाहिए और ऐसे ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। जो श्मशान में भी कमीशन खा जाते हैं। अवर अभियंता शिवकुमार वर्मा से फोन पर बात की गयी तो उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मानक विहीन लग रही और मौके पर गया था पानी काफी पानी भरा हुआ था वहां तक पहुंच नही पाया जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# किसानो राहगीरों व आस पड़ोस के लोगो के लिए मौत उगल रही एस आर बी बोर्ड इण्डिया प्राइवेट लि. फैक्ट्री

**➲किसान ने कई बार जिम्मेदारों को दिया प्रार्थना पत्र लेकिन कार्यवाही के नाम पर जीरो**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर – किसानो की फ़सल व किसानो के लिए मौत उगल रही एस आर बी बोर्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान पूरा मामला लहरपुर तहसील क्षेत्र के रमनाफार्म मे लगी एस आर बी बोर्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री का है जहाँ पर फैक्ट्री से निकल का विषैला काला धुवा लोगो की जिंदगी मे तो जहर घोल ही रहा है तो वही किसानों की फसलों को भी काफ़ी नुकसान पहुंचा रहा है जिसको लेकर एक किसान ने कई बार तहसील से लेकर जिले तक की प्रसाशन को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग भी की है लेकिन किसान द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र को ठंडे बस्ते मे डाल दिया गया अगर ऐसा नहीं है तो अभी तक फैक्ट्री मालिक शेखर गुप्ता पर कार्यवाही क्यों नहीं हुई रमनाफार्म मे लगी मौत उगलने वाली फैक्ट्री का कांड यही नहीं थमता। खास सूत्रों का कहना है कि फैक्ट्री मालिक ने ग्राम समाज कि काफ़ी जमीन हथिया रखी है जिसमे ग्राम प्रधान भी फैक्ट्री मालिक का साथ दे रहे है फैक्ट्री के अन्दर लगी हुई शुगर फैक्ट्री से लाई गयी बैगास हवा चलने पर उड़ती है और राह चलते लोगों की आँखों मे जाकर गिरती है जिससे कई बार अनियन्त्रित होकर राहगीर काफ़ी चोटिल भी हो चुके है एक मायने में कह लें,कि एस आर बी बोर्ड इण्डिया प्राइवेट लि०, फैक्ट्री किसानों राहगीरों व आस पड़ोस मे रहने वालों के लिए नई नई बीमारियों व मौत का पैगाम लेकर बैठी हुई है जिस पर कार्यवाही होना बहुत जरूरी है। खास सूत्रों की माने तो फैक्ट्री किसानों को इतना मजबूर करने की फिराक मे है जिससे वह अपनी उपजाऊ जमीन कम पैसों में फैक्ट्री मालिक को देने को तैयार हो जाये अगर समय रहते फैक्ट्री मालिक पर कार्यवाही नहीं हुई तो वह समय दूर नहीं कि अन्नदाता की फ़सल तो बर्बाद होती ही रहेगी साथ मे आस पड़ोस के लोग एक बड़ी बीमारी का शिकार बन जायेंगे।



# नवनिर्मित पोड़ाहाट अनुमंडल व्यवहार न्यायालय भवन का हुआ उद्घाटन



**तीसरा विकल्प न्यूज़ – ब्यूरो झारखंड**

चाईबासा झारखंड – झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ. विद्युत रंजन षाड़ंगी के द्वारा जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद झारखंड उच्च न्यायालय, जिले के प्रशासनिक न्यायाधीश जस्टिस दीपक रोशन झारखंड उच्च न्यायालय, मो०शाकिर महानिबंधन झारखंड उच्च न्यायालय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला की उपस्थिति में चक्रधरपुर आसनतलिया स्थित नवनिर्मित पोड़ाहाट अनुमंडल व्यवहार न्यायालय भवन का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात पारंपरिक रूप से पूजा– पाठ करके शीलापट का अनावरण किया गया। झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ. विद्युत रंजन षाड़ंगी के द्वारा नवनिर्मित पोड़ाहाट अनुमंडल व्यवहार न्यायालय भवन परिसर का अवलोकन कर भवन में अधिष्ठापित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ. विद्युत रंजन षाड़ंगी ने कहा कि आज पोड़ाहाट अनुमंडल व्यवहार न्यायालय भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया है। न्यायालय क्रियाशील होने के बाद से पोड़ाहाट अनुमंडल क्षेत्र के नागरिकों को न्याय के लिए जिला मुख्यालय तक का सफर नही करना होगा। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका का प्रयास रहेगा की सभो नागरिकों को एकसमान और कम से कम समय में न्याय दिया जाए। हमसब मिलकर आपसी सामंजस्य से न्यायपालिका व्यवस्था को और अधिक मजबूत कर सकते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, अपर उपायुक्त कमलेश्वर नारायण, अनुमंडल पदाधिकारी पोड़ाहाट चक्रधरपुर रीना हांसदा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर चाईबासा अनिमेष रंजन, बार एसोसिएशन के अधिवक्ता गण सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## मुहर्रम त्योहार के दौरान हर एक गतिविधि पर प्रसाशन की रहेगी पैनी नजर

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो झारखंड**

लोहरदगा झारखंड - लोहरदगा जिले के बगड़ू थाना परिसर में थाना प्रभारी वारिस हुसैन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें सभी समुदाय के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए और आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बैठक में मुहर्रम के दौरान निकलने वाले जुलूस की जानकारी ली गई। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि मुहर्रम त्योहार के उद्देश्य को जानते हुए पारंपरिक तरीके से त्योहार मनाएं। औऱ जुलूस समयानुसार तय रूट से ही निकालें। जिससे किसी को कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा समिति औऱ डीजे वाले जवाबदेही तय करें कि जुलूस में किसी भी तरह का भड़काऊ विवादित गाना ना बजे। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक व आपित्तजनक पोस्ट करने से बचें। उन्होंने कहा त्योहार के दौरान हर एक गतिविधियों पर प्रसाशन की पैनी नजर रहेगी। किसी तरह का विवाद उत्पन्न करने पर संबंधित अखाड़ा व कमेटी पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अखाड़ों और कमेटीयों को जुलूस निकालने से पहले लाइसेंस के लिए आवेदन देने का निर्देश दिया। साथ ही भीड़ को नियंत्रित करने हेतु वोलेंटियर बनाने का निर्देश दिया गया। मौके पर एएसआई रंथू भगत, नथुनी बैठा, मुखिया राजकिशन उरांव, समाजसेवी मुस्ताक अहमद, कुदुस अंसारी, कृष्णा सिंह, महताब आलम, अहद मिरदाहा, मीर अजहरुद्दीन व अन्य मौजूद रहे।



## सेमरडीह में किसानों की आजीविका को बढ़ाने के उद्देश्य से निःशुल्क बीच वितरण

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – ब्यूरो झारखंड**



झारखंड – लोहरदगा जिले के किस्को प्रखण्ड अंतर्गत सेमरडीह में सीएसआर– हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड एवं जिला कृषि कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में पाखर बॉक्साइट माइंस की ओर से उन्नत कृषि को बढ़ावा देने और किसानों की आजीविका को बढ़ाने के उद्देश्य से नि:शुल्क धान एंव मक्का बीच का वितरण किया गया। जिसमें सेमरडीह, कोचा, ऊपर कोचा, खरकी, छेछरा नवाडीह व डटमा आदि गांवों के किसानों को बीज वितरण किया गया। इस मौके पर पाखर बॉक्साइट माइंस के खुदिया कुमार एवं सेमरडीह लैम्प्स के मुन्ना टाना भगत, सुरेंद्र के द्वारा बीज वितरण किया।

## सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी: दिनेश कुमार

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – ब्यूरो**



लोहरदगा झारखंड – लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारीस बिन जमां के निर्देशानुसार आगामी मुहर्रम त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक पेशरार थाना प्रभारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में बीडीओ अजय तिर्की, जनप्रतिनिधि सहित समुदाय के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। जिसमें बैठक की शुरुआत क्षेत्र की समस्या को जानते हुए की गई। मौके पर थाना प्रभारी ने लोगों को त्योहार शांतिपूर्वक ढंग से मनाने एवं त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोग किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दे। शोशल मिडिल के अपवाहों से बचें किसी तरह की जांच पड़ताल किये बिना समाज में अशान्ति फैलाने वाले मैसेज को बिल्कुल फॉरवर्ड न करें, ऐसा कोई व्यक्ति करता है तो वैसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर रहे। मौके पर शांति समिति के पदाधिकारी, सदस्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मुहर्रम में ढोल, ताशा व नाच-गान जैसे मिथकों के साथ मनाए जाने वाले जश्न से बचने की अपील

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – ब्यूरो झारखंड**



झारखंड – तंजीम उलमाए अहले सुन्नत व जमाअत लोहरदगा ने आम जनता से गुजारिश की है कि वे मुहर्रम के महीने में ढोल, ताशा, नाच गाना, डीजे आदि जैसे मिथकों के साथ मनाए जाने वाले जश्न से बचें। मुहर्रम–उल– हराम के इस मुबारक महीने में शाने अहलेबैत, जिक्रे इमाम हुसैन की महफिलें सजाएं, नवीं मुहर्रम और आशूरा के दिन रोजा रखें, सबील और लंगर का एहतमाम करें और खासकर अपनी मां–बहनों को तमाशाई मेला में जाने से बचें। अगर आपको जुलूस निकालना ही है तो जुलूसे मुहम्मदी की तरह जुलुसे हुसैनी निकालें। उलमाये कराम जितने भी गैर शरई रूसूम से मना फरमाते हैं उस पर अमल करें।

## किस्को में खिदमते खल्क हाजी कमेटी की हुई बैठक

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – ब्यूरो झारखंड**

लोहरदगा – जिले के किस्को बाजार टाँड़ के समीप में खिदमते खल्क हाजी कमेटी लोहरदगा– झारखण्ड की एक विशेष बैठक हाजी मोहम्मद कयामुद्दीन की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में देश के संसद सदस्यों का चुनाव 2024 तथा उसके परिणाम पर चर्चा की गई। तत्पश्चात सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखंड की वर्तमान सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हाजियों की एक शिष्टमंडली मिल जाए। जिसमें राज्य के जनसमस्या एवं देश भर में मुस्लिम के साथ हो रही मोब लिंचिंग की घटनाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा जाए। मौके पर उपस्थित हाजी कमेटी के सरपरस्त हाजी शमसुद्दीन अंसारी ने कहा कि हाजियों की शिष्टमंडली आगामी दिनों में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं को रख, समाधान की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत देश में आज जिस तरह से मुस्लिम के साथ मोब लिंचिंग की घटना बढ़ते जा रही है इसके लिए सरकार कड़ा कानून बनाएं। जिससे की घटनाओं में कमी आए और लोगों में मोब लिंचिंग की घटनाओं को लेकर इस तरह का पुर्नावृति ना हो। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सरकार से राज्य भर की कई समस्याओं को लेकर समाधान की मांग की जाएगी। मौके पर हाजी कयामुद्दीन अंसारी, हाजी शमसुद्दीन अंसारी, हाजी यूसुफ अंसारी, मौलाना अनुल हक नेजामी व शकील अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# फार्मासिस्ट की डिग्री पर गुप्ता मेडिकल स्टोर के साथ चल रहे हैं क्लीनिक

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर - लगातार खबर प्रशासन के बावजूद जिले में बिना लाइसेंस बिना डिग्री धारक अवैध अस्पतालों के संचालन के साथ-साथ मेडिकल स्टोर की आड़ में अस्पतालों के संचालन पर जिम्मेदारों के द्वारा कोई ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है। जिस कारण जनपद में अवैध अस्पतालों का संचालन एवं मेडिकल स्टोर की आड़ में अस्पतालों का संचालन रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। बल्कि खबर प्रकाशन के बाद तो लगातार ऐसे फर्जी अस्पतालों की बाढ़ सी आ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगांव थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव के अन्तर्गत सीतापुर हरगांव मार्ग पर परसेहरामाल चौराहे पर फार्मासिस्ट की डिग्री लिए गुप्ता जी मेडिकल स्टोर के साथ साथ क्लीनिक भी चला रहे हैं।एक तरफ तो प्रदेश के मुखिया मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं उपमुख्य मंत्री बृजेश पाठक अवैध अस्पतालों पर अंकुश लगाकर आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की बात कर रहे हैं। लेकिन इसके विपरीत जिला सीतापुर में अवैध अस्पतालों के संचालन में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यहां के जिम्मेदार यह साबित कर रहे हैं कि वह प्रदेश सरकार के आदेशों को मानने के लिए बाध्य नहीं हैं। ताजा प्रकरण जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरगांव के अन्तर्गत हरगांव से सीतापुर रोड पर परसेहरा -माल चौराहे पर स्थित गुप्ता मेडिकल स्टोर का प्रकाश में आया है।सूत्रों ने बताया कि इनके पास डिग्री केवल फार्मासिस्ट की है। इसके संचालक रमाशंकर गुप्ता व आशीष गुप्ता हैं। इनके द्वारा खुलेआम बिना रजिस्ट्रेशन के क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। इतना ही नहीं सूत्रों के अनुसार यह भी बताया जा रहा है कि उक्त मेडिकल स्टोर पर मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाई भी दी जाती है।जरूरत पड़ने पर मरीज को मेडिकल स्टोर के ऊपर बने हाल में भर्ती भी किया जाता है।आखिर क्यों बिना रजिस्ट्रेशन के ही मेडिकल स्टोर की आड़ में संचालित अस्पताल के द्वारा मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। आखिर स्वस्थ विभाग की नजर क्यों नहीं पड़ रही इन फर्जी मेडिकल स्टोर्स की आड में चल रहे अवैध क्लीनिकों पर।अब देखना यह है कि क्या स्वास्थ्य विभाग व हरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डा.नितेश वर्मा इस मामले में संज्ञान लेते हैं या यूं ही ले देकर मामले को दबाने का प्रयास ही करते हैं।




# हिस्ट्रीशीटर व भृष्टाचारी प्रधान पति मोहम्मद इस्लाम थाना पट्टी के आगे पुलिस नतमस्तक

**☐ पुलिस के सामने पत्रकारों को बता रहा भिखारी पंचायत पहुंचने पर महिलाओं से पिटवाने की दे रहा धमकी पुलिस रही खामोश**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर - मनबढ़ प्रधान पति पुलिस के सामने पत्रकारों को बुलाकर अपमानित कर रहा है पुलिस के सामने पत्रकारों से प्रधान पति कह रहा है कि पत्रकारों से अच्छे गांव-गांव मांगने वाले भिखारी होते हैं यदि हमारे पंचायत में पहुंच गए तो महिलाओं को बुलाकर वहीं पर पिटवा देंगे और फर्जी मुकदमें लिखवा कर सारी पत्रकारिता खत्म कर देंगे। पुलिस संरक्षण में प्रधान पति के द्वारा पत्रकारों को धमकी और पुलिस की खामोशी से यह सिद्ध होता है कि प्रधान पति को पुलिस का खुला संरक्षण प्राप्त है जबकि प्रधान पति पर पहले से ही अनेकों वाद पंजीकृत हैं। एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए नित नए फरमान जारी कर रही है वहीं दूसरी तरफ पुलिस संरक्षण में प्रधान पति पत्रकारों को अपमानित करता है और पुलिस की खामोश बनी रहती है इससे स्पष्ट होता है कि कहीं ना कहीं पुलिस भी पत्रकारों के हितार्थ जारी शासन के निर्देशों की अवहेलना कर पत्रकार हितों के विरुद्ध कार्य करने का कार्य कर रही है। आपको बता दें कि जनपद के विकास खण्ड कसमण्डा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत थाना पट्टी में प्रधान व सचिव की मिली भगत से लाखों रुपए का घोटाला प्रतीत होता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान प्रधान द्वारा स्वयं का राशन कार्ड बनवाकर गरीबों का हक छीना जा रहा। ग्रामीणों की हलचल के बाद एक पत्रकार द्वारा खण्ड विकास अधिकारी एवं पंचायत सचिव से फोन पर जानकारी करने का प्रयास किया गया तो जिम्मेदारों का फोन नहीं रिसीव हो सका। जिससे ग्राम प्रधान को फोन लगाया गया।प्रधान पति से बात हुई। प्रधान पति ने बताया मैं नमाज पढ़ने जा रहा हूं। दो बजे के बाद कमलापुर आपसे मुलाकात होती है। फोन कर लेना। दो बजे के बाद फोन किया गया तो प्रधान पति ने बताया मैं सिधौली में हूं आपसे विकास खण्ड कार्यालय पर सचिव के यहां मुलाकात होगी। पुनः लगभग चार बजे फोन करने पर प्रधान पति ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए फोन को काट दिया। इतना ही नहीं पंचायत में चल रहे भृष्टाचार से लेकर लगभग एक दर्जन मुकदमों का अपराधिक साम्राज्य भी प्रधान पति पर स्थापित है। हिस्ट्रीशीटर से लेकर जिला बदर तक मुकदमे पंजीकृत होने के बाद भी दूसरे दिन स्थानीय थाने पर पहुंचकर पुलिस की संरक्षण में स्थानीय थाने से फोन करा कर पत्रकार को बुलवाकर निराधार आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष के सामने पूरी दबंगई करने का प्रयास किया गया। पुलिस के सामने प्रधान पति ने कहा कि अगर कभी पंचायत में पहुंच गए तो महिलाओं को बुलाकर वहीं पर पिटवा देंगे। और फर्जी मुकदमे लिखवा कर सारी पत्रकारिता खत्म कर देंगे। पत्रकारों से अच्छे गांव-गांव मांगने वाले भिखारी होते हैं। इससे प्रतीत होता है। ऐसे दबंग अपराधियों को पुलिस का वरद हस्त प्राप्त है। शायद पुलिस को यह नहीं पता जिस व्यक्ति को पुलिस संरक्षण दे रही है उसी व्यक्ति द्वारा पूर्व में पुलिस से मारपीट करने जैसे कई संगीन धाराओं में मुकदमे पंजीकृत हैं।

## वृक्षारोपण कर स्व. दादा सुखदेव सिंह गोगामेडी की मनाई गई जन्म जयंती, दी गई श्रृद्धांजलि

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**



सीतापुर - स्व. दादा सुखदेव सिंह गोगामेडी की जन्म जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय करणी सेना परिवार की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी के दिशा निर्देशन पर जनपद सीतापुर के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह पप्पू ऽभैय्याऽके द्वारा अपनी टीम सहित जनपद सीतापुर के महोली विधान सभा में ऐलिया ब्लॉक के ग्राम पंचायत बेनीपुर बाबा हरिचंद सिंह डिग्री कॉलेज में वृक्षारोपण कर बब्बर शेर नौजवानों के दिलों की धड़कन गरीबों मजलूमों के मसीहा राजपूत समाज के मान सम्मान स्वाभिमान राजपूतों के खिलाफ उठने वाली आवाज का जमकर मुकाबला करने वाले एवं कट्टर हिंदुत्ववादी विचारधारा पूरे देश में भ्रमण करके राजपूत को संगठित करने वाले दादा सुखदेव सिंह गोगामेडी की जन्म जयंती पर शत-शत नमन कर उन्हें विनम्र श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष के साथ आए हुए पदाधिकारी शिवेन्द्र कुमार सिंह मुन्ना एडवोकेट महमूदाबाद दिनेश सिंह अध्यापक राज बहादुर सिंह राजेश सिंह संजय सिंह सतीश सिंह सुरेंद्र सिंह पत्रकार डॉ प्रतीक सिंह देवांग राज सिंह अखिलेश सिंह अमित कुमार सिंह प्रदीप सिंह विजय सिंह तोमर सुनील कुमार सिंह उत्तम सिंह अध्यापक अरुण प्रताप सिंह ,राकेश सिंह बजरंगी सत्यम सिंह सत्य प्रकाश सिंह बब्बू सिंह महमूदाबाद आदि लगभग एक सैकड़ा लोग लोग उपस्थित रहे। स्व0सुखदेव सिंह गोगा मेडी अमर रहे के नारे लगाते हुए राकेश सिंह रघुवंशी ने जिंदाबाद जिंदाबाद पत्थर को जो कर दे पानी जय भवानी जय भवानी के नारों का उद्घोष किया गया।अन्त में जिला अध्यक्ष के द्वारा संक्षिप्त में अपनी बात रखते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# गरीब बच्चों संग मनाया निकिता त्रिवेदी का जन्मदिवस: इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी ने बांटी खुशियां



इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी की ब्रज की रसोई ने इस रविवार को एक खास पहल की। निकिता त्रिवेदी ने अपना जन्मदिन गरीब, निराश्रित, और आश्रयहीन बच्चों के साथ अपना जन्मदिवस मनाया, जिससे बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उनकी आँखों में चमक देखने लायक थी। इस अवसर पर बच्चों को केक, सात्विक भोजन व मिठाइयाँ, वितरित किए गए। संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने इस पहल को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया और सभी दानवीरों से जुड़ने का आग्रह किया। निकिता त्रिवेदी का संदेश था, खुशियाँ बांटने से ही सच्चा सुख मिलता है। इस प्यारी पहल ने समाज में एकता और मानवता की मिसाल कायम की।

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – आशियाना क्षेत्र में इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी कई वर्षो से हर रविवार को जरूरतमंदों को नि:शुल्क सात्विक भोजन उपलब्ध कराती है। इस रविवार, संस्था ने निकिता त्रिवेदी का जन्मदिन गरीब , निराश्रित, और आश्रयहीन बच्चों के साथ मनाया। संस्था की राष्ट्रीय महिलाध्यक्ष, रजनी शुक्ला ने अपनी पुत्रवधू का जन्मदिन बच्चों के साथ मनाकर खुशियाँ बांटी। इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और उनकी आँखों में चमक देखने लायक थी। संस्था के संस्थापक, विपिन शर्मा ने इस प्रयास को निरंतर जारी रखने का संकल्प लेते हुए सभी दानवीरों से जुड़ने का आग्रह किया। वहीं समाजसेवी सौम्य तिवारी ने कहा, संस्था का उद्देश्य न केवल भूख मिटाना है, बल्कि समाज के इन कमजोर वर्गों को एक सम्मानजनक जीवन देना भी है। संस्था के सदस्य रजनीश मिश्रा ने कहा इस अवसर पर बच्चों के लिए पहले केक काट कर वितरित किया गया फिर चना आलू, चावल, मिष्ठान व फल परोसा गया। बच्चों को मिठाइयाँ भी वितरित की गई, जिससे उनकी खुशी दोगुनी हो गई। निकिता त्रिवेदी ने कहा, मैं अपने जन्मदिन को इन प्यारे बच्चों के साथ मनाकर अत्यंत खुश हूँ। यह अनुभव अनमोल है और मुझे सिखाता है कि खुशियाँ बांटने से ही सच्चा सुख मिलता है। वरिष्ठ सदस्य एड. अंजू गुप्ता ने बताया कार्यक्रम में शामिल स्वयंसेवकों और दानदाताओं ने इस पहल की सराहना की। संस्था के संरक्षक ने बताया इस प्रकार के कार्यों को और बड़े स्तर पर करने की योजना बनाई जा रही है। संस्था के वरिष्ठ सदस्य राजीव पाण्डेय ने बताया कि आज के भोजन का वितरण रतन खण्ड पानी टंकी, नवनिर्मित विद्यालय के मजदूरों और जोन 8 के सामने झुग्गियों में किया गया। आज संस्था में आये विशिष्ट अतिथि सी. एच. तिवारी ने कहा इस पहल से यह स्पष्ट है कि समाज में अगर कुछ लोग भी जागरूक हो जाएं और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं तो बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। आज के इस कार्यक्रम में शामिल सी. एच. तिवारी, देवांश रस्तोगी, राजीव पाण्डेय, संजय श्रीवास्तव, सौम्य तिवारी, असीम रॉय, आशीष श्रीवास्तव, रजनीश मिश्रा, नवीन कुमार, रंजीत, मयंक गौड़, एड. अंजू गुप्ता, रजनी शुक्ला, मिठू रॉय, ज्योति गुप्ता, निकिता त्रिवेदी सहित सभी समाजसेवियों का इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी के संस्थापक विपिन शर्मा ने आभार व धन्यवाद व्यक्त किया द्य

# जीआरपी चारबाग ने दबोचे दो शातिर चोर चोरी के चार मोबाइल बरामद

⇨ थाना जीआरपी चारबाग टीम ने यात्रा के दौरान ट्रेन व प्लेटफार्म पर यात्रियों के मोबाइल, पर्स व अन्य सामानों की चोरी करने वाले दो शातिर चोर को गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के चार मोबाइल, क्रेडिट कार्ड व आधार कार्ड बरामद

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – जीआरपी चारबाग ने दो शातिर चोर को किया गिरफ्तार कब्जे से चोरी के चार मोबाइल फोन बरामद। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक संजय खरवार ने बताया कि चेकिंग के दौरान दो शातिर चोर को प्लेटफार्म संख्या-8/9 का अन्तिम छोर बाराबंकी साइड थाना जीआरपी चारबाग लखनऊ से गिरफ्तार किया गया है कब्जे से चार चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। शातिर ने अपना परिचय मो० समीर 26 पुत्र मो० नदीम निवासी 91/22 हीरामन का पुरवा, इस्तकाराबाद थाना बेकनगंज जनपद कानपुर नगर उम्र,शहनवाज 27 पुत्र मो० नदीम निवासी 91/22 हीरामन का पुरवा, इस्तकाराबाद थाना बेकनगंज जनपद कानपुर नगर के




रूप में दिया है। पूछताछ में बताया कि हमलोग साथ मिलकर चोरी करते है ट्रेनों मे यात्रा कर रही यात्रियों व खासकर महिला यात्रियों के सो जाना पर उनके मोबाइल, पर्स व अन्य सामान की चोरी कर लेते है । हमलोगो द्वारा ०4-०5 महीने मे लखनऊ से गुजरने वाली भिन्न-भिन्न ट्रेनों मे मोबाइल, पर्स व नगदी की चोरियाँ की है । हमलोग पूर्व मे डकैती व चोरी के मुकदमें मे जेल जा चुके है । हमलोग उपरोक्त मोबाइल को बेचने की फिराक में लखनऊ आए थे।फिलहाल पकड़े गए शातिरों को न्यायिक हिरासत में लेकर विधिक करवाई की जा रही है।

## नाथावन पासी किला पर हो रहा अवैध कब्जा पासी समाज के कई संगठनों द्वारा निर्मित पासी एक मोर्चा यह बैनर तेरे दिया एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया



**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर, बिजनौर – लखनऊ पासी समाज के कई संगठनो के राष्ट्रीय अध्यक्षों द्वारा पासी एक मोर्चा का गठन कर बिजनौर से लखनऊ जाने वाला मार्ग ऐतिहासिक धरोहर महाराजा बिजली पासी के पिता नाथावन पासी किले पर कुछ दबंगों द्वारा अवैध तरीके से रोड एवं दीवाल बनाई जा रही है पासी समाज के संगठनों को भनक लगते ही विभागीय अधिकारियों को लिखित शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल डाक द्वारा कर चुके हैं। आज शनिवार को कई घंटे तक पाजी एक मोर्चा के बैनर तले कई संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा विरोध प्रदर्शन जारी रहा कुछ देर बाद मौके पर पहुंची नायब तहसीलदार ज्ञापन लेना चाहा संगठन के सदस्यों ने उपजिलाधिकारी को मौके पर आने की बात रखी कई मीटिंग में बिजी उपजिलाधिकारी कई घंटे बाद मौके पर पहुंचकर समस्या सुनी विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने ज्ञापन दिया उपजिलाधिकारी ने कई टीमे लगाकर जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया तब जाकर पासी एका मोर्चा द्वारा हो रहे विरोध प्रदर्शन समाप्त किया गया। पासी एका मोर्चा में शामिल होनेवाले

## गोमतीनगर में जगह जगह कूड़े के ढेर – सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त





**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – गोमतीनगर में विवेक खण्ड 3 व 4 में खाली प्लॉट, सड़कों पर कूड़ा ढेर है जोकि स्वच्छ भारत मिशन को धूमिल कर रहा है। सर्वोदय पार्क, विवेक खण्ड 4 के पास फुटपाथ व डिवाइडर तथा 4/2०7, विवेक खण्ड, गोमतीनगर के सामने सर्विस लेन पर नये कूड़े के डम्पिंग स्थान बन गए हैं। गोमतीनगर के लगभग सभी खण्डों की आन्तरिक सड़कों की सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह से ध्वस्त है। नगर निगम के कर्मचारियों के द्वारा केवल मुख्य सड़कों पर सफाई की जाती है। इस कारण नागरिक अपने क्षेत्र को साफ रखने के लिए निवासियों द्वारा निजी सफाईकर्मियों को पैसा देकर सफाई एवं कूड़े का कलेक्शन कराने को बाध्य हैं। कूड़ा कलेक्शन वाली नयी एजेंसी घरों से कूड़ा करवाती है परन्तु नागरिकों के घरों के सामने कूड़ा पड़ा है तो उसे नहीं उठाया जाता है। गोमतीनगर में कुछ सफाईकर्मी ही नजर आते हैं जो कभी कभार (होली दीवाली, त्योहारी लेने के उद्देश्य से) ही आंतरिक सड़कों की सफाई करते हैं। राजीव गांधी प्रथम वार्ड के पार्षद संजय सिंह राठौर बहुत प्रयास करते रहते हैं तथा जो भी समस्या उनके संज्ञान में आती है, उसके निस्तारण हेतु सक्रिय रहते हैं। नगर निगम के अधिकारी क्षेत्र की नियमित सफाई व्यवस्था सुदृढ रखें तो इस समस्या से काफी हद तक निजात पाया जा सकता है। नगर निगम के अधिकारी कब आम जनता के दुखदर्द को समझकर नियमित सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे? नगर निगम के अधिकारियों से क्षेत्र की नियमित सफाई व्यवस्था तथा घरों से कूड़े के कलेक्शन को सुदृढ़ करने कई बार शिकायत की गई परन्तु एक बार सफाई करवा कर फोटो डाल दी जाती है तथा शिकायत निस्तारित कर दी जाती है और फिर सब पुराने ढर्रे पर चलने लगता है। नागरिक परेशान रहते हैं और निजी सफाईकर्मियों पर ही आश्रित हैं। अगर यही सब चलता रहा तो लखनऊ स्वच्छता में कैसे प्रथम स्थान प्राप्त करेगा? लखनऊ जनकल्याण महासमिति की मांग है कि स्वच्छता में प्रथम आने के लिए नगर निगम अपने पूरे क्षेत्र में नियमित सफाई करवाये, घरों से नियमित कूड़े के कलेक्शन के साथ विभिन्न स्थानों पर बने कूड़े के डम्पिंग स्थानों पर विशेष ध्यान दे, तभी नागरिकों का फीडबैक भी सही मिल पायेगा । उक्त जानकारी रूप कुमार शर्मा सचिव लखनऊ जनकल्याण महासमिति, लखनऊ ने उपलब्ध कराई ।

## समाचार

### श्री चैतन्या टैक्नो स्कूल लखनऊ 1 के रीजनल इंचार्ज श्री महेश जी की संरक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – श्री चैतन्या स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय डॉ .बी एस राव शिक्षा के क्षेत्र में विशेष कर प्रतियोगितात्मक परीक्षा क्षेत्र में आई.आई.टी. , जेईई, एन.ई.ई.टी. जो प्रयोग किया आज वही प्रयोग रूपी वृक्ष की शाखाएं भारत के 18 प्रांतों के 8 लाख विद्यार्थियों 8०,००० अध्यापकों के रूप में सुवासित होकर फल फूल रही है। आज उनकी प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर श्री चैतन्या टैक्नो स्कूल लखनऊ 1 के रीजनल इंचार्ज श्री महेश जी की संरक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि माननीय श्री सी.एल.वर्मा (वाइस प्रेसीडेंट समाजवादी पार्टी) ने श्रद्धांजलि सुमन अर्पित करते हुए स्वर्गीय डॉ.बी एस राव के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। प्रधानाचार्या श्री हरिष्मा जी ने स्वर्गीय डॉ . बी .एस. राव के कार्यों पर रोशनी डालते हुए बच्चों से उनके स्वप्न को पूरा करने और अपना भविष्य उज्जवल बनाने को कहा।

### नाटक अनभिज्ञ का हुआ मंचन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ – संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से रंगमण्डलीय प्रस्तुति के अंर्तगत वाल्मीकि रंगशाला, उ. प्र. संगीत नाटक अकादमी लखनऊ में रंगमंडल विजय बेला एक कदम खुशियों की ओर, लखनऊ द्वारा नाटक अनभिज्ञ का मंचन किया गया। नाटक का लेखन मो. अनवर बेग एवं निर्देशन चन्द्रभाष सिंह द्वारा किया गया, जिसे मुख्य अतिथियों एवं गणमान्य दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। बेहतरीन लेखन और कमाल के निर्देशन से सुसज्जित, रोमांच से भरपूर मनोरंजन के लिहाज से नाटक अनभिज्ञ एक बेहतरीन ड्रामा है। सभी पात्रों का अभिनय काफी नेचुरल था नाटक का कथानक इस प्रकार से गढ़ा गया था जिसने खचाखच भरे थियेटर हॉल में उपस्थित दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। समाज में व्याप्त बुराई के प्रति प्रेरणादायी एवं मनोरंजन से भरपूर नाटक अनभिज्ञ लखनऊ के दर्शकों नाट्य प्रेमियों के लिए एक बेहद सुखद अनुभव रहा। नाटक में जूही कुमारी, निहारिका कश्यप, चन्द्रभाष सिंह, बृजेश कुमार चौबे, सुंदरम मिश्रा, कृष्ण कुमार पाण्डेय, आशीष सिंह, अग्नि सिंह, शशांक, प्रखर और रोहन गंगवार ने अभिनय किया, वहीं सहनिर्देशन निहारिका कश्यप, पार्श्व संगीत अनवर बेग, मेकअप सचिन गुप्ता का रहा।

### वेतन विसंगतियों को दूर करने को राज्यमंत्री ने बनाई छह सदस्यीय कमेटी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – यूपी की 5० जिला सहकारी बैंकों में कार्यरत कार्मिकों के वेतन में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिए सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने छह सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। वेतन विसंगतियों को लेकर पहली बार बनाई गई इस कमेटी का अध्यक्ष यूपीसीपी के मुख्य महाप्रबंधक धीरज चंद्रा को बनाया गया है। यह कमेटी जिला सहकारी बैंकों (डीसीबी) के वेतन में अंतर के कारणों का अध्ययन करेगी। जिन बैंकों के कार्मिकों को कम वेतन मिल रहे हैं उनके वेतन को बढ़ाने के लिए क्या किए जा सकता हैं, इस पर सुझाव देगी। इस कमेटी में यूपीसीबी के महाप्रबंधक (आईडीडी), उप महाप्रबंधक (एनएडी), यूपीसीबी के बैंकिंग सलाहकार के साथ ही कोआपरेटिव बैंक इंप्लाइज यूनियन उत्तर प्रदेश के महामंत्री सुधीर सिंह तथा संरक्षक राजेश्वर सिंह को सदस्य बनाया गया है। इस कमेटी के गठन से जिला सहकारी बैंकों के कार्मिकों को बड़ी राहत मिली है। खासकर पूर्वांचल के जिला सहकारी बैंक जहां के कार्मिकों का वेतन पश्चिमी यूपी के बैंकों से बहुत कम है उनमें उत्साह का संचार हुआ है।

### लविवि में छात्रावास आवंटन शुरू

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्रावासों में पिछले वर्ष से रह रहे विद्यार्थियों का छात्रावास आवंटन सत्र 2०24-25 के लिए प्रारंभ कर दिया गया है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह ने बताया कि 14 जुलाई को पीएच डी के शोधार्थियों को नियमानुसार छात्रावास का आवंटन कर दिया गया। पीएचडी की छात्राओं को गोल्डन जुबली एवं बी आर अंबेडकर हॉस्टल तथा छात्रों को बलरामपुर एवं एचजेबी छात्रावास आवंटित किया गया। इसकी सूची लखनऊ विश्वद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके अलावा दोबारा आवंटन के लिए चयनित अभ्यर्थी 2० जुलाई तक अपनी फीस ऑनलाइन जमा करके संबंधित छात्रावास में रिपोर्ट कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को उनकी मेल आईडी पर ऑनलाइन फीस जमा करने का संदेश भेज दिया गया है।

### ई-वेइंग मशीन न चलने से कार्डधारक व कोटेदार दोनों परेशान

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ – राशन की घटतौली रोकने के लिए कोटेदारों की दुकानों पर लगाई गई ई-वेइंग मशीन उपभोक्ताओं को दगा दे रही हैं। लखनऊ में राशन वितरण व्यवस्था पटरी से उतर गई। जिसकी वजह से राशन कार्ड धारकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सर्वर न चलने की वजह से उपभोक्ताओं को राशन लेने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। रविवार को दिन भर ई पॉश मशीनों में समस्या रही। लाभार्थियों के अंगूठे के निशान की स्कैनिंग नहीं हो पा रही थी। नतीजतन अधिसंख्य लाभार्थी बिना राशन लिए वापस लौट गए। वजीरगंज क्षेत्र के कोटेदार सुशील कुमार जायसवाल और आसिफ हुसैन ने बताया कि नई मशीन बिना तैयारी के कोटेदारों के यहां लगा दी गई हैं जिससे राशन वितरण व्यवस्था चरमरा गई है। आए दिन मशीनों में गड़बड़ी उत्पन्न हो जाती है जिसकी वजह से राशन कार्ड धारकों के साथ ही कोटेदार भी परेशान हो रहे हैं। इन लोगों ने बताया कि राशन बांटने की पुरानी व्यवस्था बेहतर थी। जिले में 13०० के करीब उचित दर विक्रेता की दुकानें हैं। वहीं 8 लाख से अधिक लाभार्थी हैं। राशन का वितरण 8 जुलाई से शुरू हुआ। कोटेदारों के अनुसार शुरुआत में तो वितरण का कार्य तेजी से हुआ। उसके बाद गुरुवार को सुबह से ही मशीनों में दिक्कत आ गई।

# साहित्य सामाजिक एवं संस्कृत संस्थान के जनकवि कलमकार दिवस के रूप में मनाया गया

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**




लखनऊ – उत्तर प्रदेश युवा छंदक?र मंच व लक्ष्य साहित्यिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में ओज के सशक्त हस्ताक्षर जनकवि श्सिद्धेश्वर शुक्ल, क्रांति जी के जन्मोत्सव? कलमकार दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें विशाल कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह ई -3०4, सेक्टर एच, जानकीपुरम लखनऊ में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता हास्य कवि श्री श्याम जी मिश्रा, मुख्य अतिथि गीतकार रतन? बापुली,विशिष्ट अतिथि छदक?र श्री भ्रमर बैसवारी थे। सरस्वती मां की पूजा अर्चन? के बाद कवि सम्मेलन का प्रारंभ गीतकार श्री संध्या त्रिपाठी की वाणी वंदना से हुआ। कवि सम्मेलन का कुशल संचालन प्रसिद्ध छदक?र डॉ शरद पांडे शशांक द्वारा किया गया। बरसात के बावजूद खचाखच भरे हाल में कवियों ने गीत, गजल, मुक्तक छंद ओज, हास्य कविताओं से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन में राम तेज तिवारी आध्यात्मिक संस्थान द्वारा दिल्ली से पधारी युवा गीतकार कवियत्री अनुज? मनु को निराला सम्मान, ओज के सशक्त हस्ताक्षर जनकवि श्री सिद्धेश्वर शुक्ल क्रांति जी को रामधारी सिंह दिनकर सम्मान एवं क्रांति जी को भगवती स्मृति ट्रस्ट द्वारा सम्मान देकर भी सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन में जिन कवियों ने अपनी कविताओं से लोगों का मनोरंजन किया उन कवियों के नाम इस प्रकार है। कुलदीप शुक्ला, दिनेश सोनी, आशुतोष तिवारी आशु, अनुज? मनु, अरविंद रस्तोगी, अलका अस्थाना, सिद्धेश्वर शुक्ला क्रांति, सरिता कटियार, प्रीति शुक्ला, योगेश चौहान, शिहमांशु सक्सेना, अर्श लखनवी, न?रायण त्रिपाठी, गोबर गणेश, उमा शंकर तिवारी आदि । अंत में आए हुए अतिथि एवं कवियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन अतुल शुक्ला द्वारा किया गया।

## टी.पी. नगर मुंशी खेड़ा में जिन्दगी जीने को लोग मजबूर पार्षद से कई बार बताने पर नहीं की सुनवाई

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ - नगर निगम के राजा बिजली पासी वार्ड प्रथम स्थित मुंशी खेड़ा में जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण भीषण गंदगी व्याप्त है। यहां राजेश रावत के घर के सामने पार्क के लिए आरक्षित सरकारी जमीन पर घरों से निकला गंदा पानी आसपास लोगों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। बताते हैं कि इस जमीन पर यहीं के कुछ लोगों द्वारा सूअर पालन किया जा रहा है। जिसकी वजह से हमेशा दुर्गन्ध युक्त वातावरण बना रहता है। साथ ही लंबे समय से सफाई न होने के कारण जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। कूड़े के ढेर और दुर्गंध युक्त जल भराव से स्थानीय लोगों का जीना मुहाल है। घरों से निकला गंदा पानी एक जगह इकट्ठा होने के अलावा कूड़े के सड़ने से यहां हमेशा भयानक दुर्गंध बनी रहती है। इस जल भराव में पड़े कूड़े को सूअर अक्सर तितर बितर करते रहते हैं। जिससे यहां का वातावरण और अधिक दुर्गंध युक्त हो जाता है। इसकी वजह से लोगों को यहां से गुजरने में नाक पर रुमाल लगाकर ही निकलना पड़ता है। बताते हैं कि बारिश के समय तो यहां के हालात बद से बदतर हो जाते हैं। इसको लेकर स्थानीय लोगों द्वारा संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई। लेकिन किसी ने अब तक ध्यान नहीं दिया। यहां रहने वाले



राजेश कुमार रावत की माने तो परेशान नागरिक अब तक नगर निगम के अलावा सीएम पोर्टल पर भी शिकायत कर चुके हैं। लेकिन सफाई की कोई व्यवस्था नहीं की गई और ना ही जल निकासी की कोई व्यवस्था की जा सकी है। जिसकी वजह से घरों से निकला गंदा पानी पार्क के लिए आरक्षित इसी सरकारी जमीन पर भरत रहता है वही पर देखा जाय तो नगर निगम जोन 8 के कर्मचारी जो रोड पर झाड़ू लागने आते है पर जहाँ पर निवासी लोग रहते है वहा पर झाड़ू नहीं लगाते है जो प्लाट खाली पड़ा है उस प्लाट मे झाड़ू लगाकर चलते बनते है निवासियों के कहने पर भी झाड़ू नहीं लगाते यह यहां के सभासद वा नगर निगम जोन 8 की बड़ी लापरवाही है

# पौधे लगाना और उनका संरक्षण सर्व समाज की जिम्मेदारी है: योगेश शुक्ला






लखनऊ – बक्शी का तालाब क्षेत्र से विधायक योगेश शुक्ला और उत्तर प्रदेश पुलिस के पर्यावरण प्रभारी मुकेशानंद ने दसौली स्थित अवधपुरम कॉलोनी में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण समाज की महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि धरती को हरा-भरा बनाए रखने के लिए यह ज़रूरी है की हर व्यक्ति अपनी मां के नाम से हर साल एक पेड़ लगाए और उसका उसी तरह पालन पोषण करे जैसे कि उस व्यक्ति की मां ने खुद उसका लालन-पालन किया था। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की विकट होती चुनौती से निपटने के लिए अब हर नागरिक की यह जिम्मेदारी है कि वह पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना सर्वोत्तम प्रयास करें अन्यथा हमारी इस लापरवाही का खामियाजा आने वाली पीढ़ियां को भुगतना पड़ेगा। ''ट्री मैन'' के नाम से विख्यात उत्तर प्रदेश पुलिस के पर्यावरण प्रभारी मुकेशानंद ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण को एक वृहद् सामाजिक आंदोलन में तब्दील करने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। शहीदों के नाम अब तक एक लाख 7० हजार से अधिक पौधे लगा चुके मुकेशानंद ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण समय की मांग ही नहीं बल्कि मानव का धर्म भी है। अगर हम पेड़ों को नहीं बचाएंगे तो जलवायु परिवर्तन की स्थिति और भी विकराल हो जाएगी और आने वाली पीढ़ियां हमारी इस लापरवाही के लिए हमें कभी क्षमा नहीं करेंगी। ओजकवि के रूप में भी अपनी छवि स्थापित कर चुके मुकेशानंद ने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण पर आधारित अपनी एक कविता की कुछ पंक्तियां भी प्रस्तुत की। उन्होंने इस अवसर पर सोसाइटी को एक पौधा भी भेंट किया और आश्वासन दिया कि वह कॉलोनी में लगाए जाने वाले पौधों के संरक्षण के लिए ट्री गार्ड भी उपलब्ध करवाएंगे। इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष राजेश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि सोसाइटी ने पर्यावरण के प्रति अपने दायित्व और समर्पण के दृष्टिगत ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान से जुड़ते हुए यह वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया है। कॉलोनी के सभी नागरिक अपनी मां के नाम से एक पेड़ लगाएंगे और उसका संरक्षण भी करेंगे। सोसाइटी के सचिव आरिफ़ अली सिद्दीक़ी ने इस अवसर पर कहा कि अपने आसपास के परिवेश को हरा-भरा और स्वच्छ बनाना हम सभी का दायित्व है और समिति द्वारा वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम इसी ज़िम्मेदारी के निर्वहन की दिशा में एक कदम है। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष अरविंद वर्मा कार्यकारिणी सदस्य सुनील गुप्ता, राम सहाय धर द्विवेदी, शिव कुमार सिंह और मोहम्मद मज़हर सलीम के साथ-साथ कैलाश नारायण सचान, अमित पांडे, योगेंद्र देव पांडे, संदीप निगम, प्रदीप मिश्रा, अंजनी कुमार पांडे, यमुना प्रसाद, मोहम्मद ज़ैद, मोहम्मद रिज़वान, सूरज तिवारी, आलोक तिवारी, वंश, एके राय, अलखानिया गुरु जी, रिंकी तिवारी, आशा गुप्ता, खुशबू आरिफ़, अनामिका वर्मा, राशि निगम, संध्या सिंह, जया जैसवार और शिवाली तथा अन्य अनेक कॉलोनी वासी मौजूद थे।

हिन्दी दैनिक तीसरा विकल्प न्यूज़
लखनऊ से प्रकाशित
सोमवार, 15 जुलाई, 2024



# नशे का विकराल तथा खतरनाक वैश्विक स्वरूप

हर तरह के एक सूखे और अन्य नशे से न सिर्फ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक संरचना कमजोर होती है, बल्कि परिवार, समाज और देश के आर्थिक तंत्र पर बड़ी चोट लगती हैस वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है और उसकी सांसे नशे के नियंत्रण में ही हैं। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विश्वव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। ये एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है ।वहीं दूसरी तरफ नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है। मादक पदार्थों की नशे की लत आज के युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए यह मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल,तरल इरेजर, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघकर नशे का आनंद लेते हैं। कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है। और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है। पहले इन लोगों को मादक पदार्थों की मुफ्त में लग लगाकर सबको इसका आदी बनाया जाता है,और फिर ऐसी नशे की लत में युवा तथा बच्चे चोरी, डकैती,पॉकेट मारी, घर के पैसे, रुपए, जेवरात चुराने की हरकतें करने लगते हैं,जो न सिर्फ कानूनी अपराध है बल्कि समाज की बहुत बड़ी विसंगति भी है। कई बार बच्चे घर के ही बड़े सदस्यों को देखकर यह नशा करने लगते हैं कि जब बड़े कर रहे हैं तो उन्हें भी यह करने में कोई बुराई नजर नहीं आती है। और फिर इनके द्वारा शुरू होता है असामाजिक कार्यों का सिलसिला धीरे-धीरे युवा नशे की लत में अपराध जगत की ओर बढ़ने लगता है। चिकित्सकीय आधार पर देखा जाए तो हीरोइन चरस कोकीन गांजा जैसे मादक पदार्थों के नशे की गिरफ्त में आकर अपना मानसिक संतुलन खो देते हैं, एवं पागल तथा सुसुप्ता अवस्था में चले जाते हैं, नशे की लत शरीर को सुस्त कर म्रत्यु की ओर ले जाती है। और नशे की लत में मानसिक संतुलन खोकर व्यक्ति बड़े-बड़े अपराध तक कर बैठता है।, नशे की लत का मामला न सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़ा होकर बल्कि अपराध जगत से भी जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि जीवन अनमोल है और इस अनमोल जीवन को नशे की लत में नष्ट कर समय से पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने के साथ-साथ मादक पदार्थों से मुकाबले के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों तथा इसके मार्ग में उत्पन्न चुनौतियों तथा निवारण का सही सही उपचार भी बताता है। वैसे इतने घातक तथा खतरनाक नशे की लत को केवल 26 जून को नशा निरोधक दिवस बना कर इतिश्री नहीं कर लेना चाहिए, बल्कि इसके विरुद्ध हर देश को एक व्यापक जन अभियान भी चलाना चाहिए। 26 जून का दिन मादक पदार्थों से मुकाबले का प्रतीक बन गया है।और इस दिवस पर मादक पदार्थों के उत्पादन तस्करी तथा सेवन के दुष्परिणामों से बचने के उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा भी की जानी चाहिए। भारत दक्षिण एशियाई देशों के मध्य हीरोइन का बड़ा उपभोक्ता देश बनते जा रहा है। भारत के कई भूभाग पर अफीम की खेती भी की जाती है। पारंपरिक तौर पर किस के बीच पोस्तों से सब्जी बनाकर खाई जाती थी, किंतु कालांतर में इसका उपयोग एक मादक पदार्थ के रूप में आरंभ हुआ जिसने एक बहुत बड़ा खतरनाक रूप ले लिया। एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 12 से 60 साल की उम्र के लोगों में नशे की लत लगभग 1.6ः देखी गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में जिस अफीम की हीरोइन में तब्दील नहीं किया जाता उसका दो तिहाई हिस्सा 5 बड़े देशों में इस्तेमाल होता है इसमे ईरान 42ः, अफगानिस्तान पाकिस्तान 7ः,भारत खुद 6ः तथा रूस में इसका 5ः उपयोग होता है। भारत में 2008 में 17 मि,टन हीरोइन की खबत होती थी,और वर्तमान में भारत में अफीम की खपत 65 से 70 मी,टन प्रति वर्ष होने लगी है। यह विश्व में इस्तेमाल होने वाली अफीम का 6ः है। भारत में ही अफीम की 1500 से लेकर 2000 हेक्टेयर में अफीम की अवैध खेती होती है। यह तथ्य वास्तव में देश के लिए और देश के युवा तथा बच्चों के लिए अत्यंत खतरनाक है। इस पर शासन प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रख इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। भारत में शराब सेवन करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है साथ ही मध्य पान के कारण 1500 से दो हजार भारतीय आज शराब के नशे में प्रतिवर्ष मरने भी लगे हैं। आज की स्थिति में हर 20 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति शराबखोर है।पुरुष तो पुरुष महिलाएं भी आज की स्थिति में मध्य पान की ओर आकर्षित हो रही हैं। विशेषकर उच्च तथा मध्यम वर्गीय परिवारों में महिलाएं शराब का सेवन करने लगी है ।इसमें से कुछ महिलाएं खुलेआम कुछ छुप-छुपकर इसका सेवन करती हैं। महानगरों में बड़े शहरों की कामकाजी महिलाओं के छात्रावासों तथा हॉस्टल में महिलाओं का शराब का सेवन तेजी से बढ़ते जा रहा है



एक सर्वे के अनुसार करीब 20 से 25ः महिलाएं शराब खोरी की गिरफ्त में आ चुकी हैं। यूरोपियन देशों में महिलाओं की नशाखोरी की आदत का प्रतिशत 60ः से ऊपर है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बैठकों सेमिनार तथा मीटिंग में शराब का सेवन एकदम आम बात बन गई है। यह एक फैशन की तरह महिलाओं के मध्य फैल कर उन्हें नशे की लत में डुबोने लगा है। मनोवैज्ञानिक डॉक्टरों के अनुसार नशा मनुष्य के जीवन के लिए जहर जैसा है, नशे की लत में वैवाहिक जीवन भी टूटने के कगार पर आ जाता है।मनुष्य के शरीर का लीवर, किडनी तथा अन्य अंग खराब होकर मृत्यु की ओर ले जाने को तत्पर रहते हैं। नशे से दूर रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर भारत में भी अनेक उपाय किए जा रहे हैं। नशा मुक्ति केंद्र तथा नशे के पदार्थों पर चेतावनी आदि लिखने का काम किया जा रहा है। नशा आज युवाओं को पथभ्रष्ट चरित्रहीन और अपराधी बनाने के पीछे एक बड़ा घातक कारण है। नशे की प्रवृत्ति से बचाने के लिए मनुष्य को नशे से हर हाल में दूर रखना होगा अन्यथा आने वाली पीढ़ी राष्ट्रीय चरित्र राष्ट्रीय सम्मान तथा राष्ट्रीय शक्ति को भूलती जाएगी और नशे की लत में युवा अपने कर्तव्य से परे हो जाएगा। जोकि एक बहुत खतरनाक स्थिति होगी।

# संपादकीय

## भगवान राम, अयोध्या व सनातन को कोई कभी समाप्त कर ही नहीं सकता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में विकसित भारत के संकल्प के साथ काम में जुट गए हैं और विपक्ष अभी भी तीसरी पराजय की हताशा में डूबा चुनावी मोड में दिख रहा है। कांग्रेस के नेतृत्व में सम्पूर्ण विपक्ष के नेता सप्ताह में दो बार सरकार गिरने की भविष्यवाणी करके सनसनी फैलाने और मीडिया की फुटेज खाने का प्रयास करते रहते हैं। वर्तमान लोकसभा में कुछ सीटें अधिक आने से कांग्रेस का दिमाग सातवें आसमान पर है। जब से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विपक्ष के नेता के रूप में स्थान मिला है, कांग्रेसी हर दिन मोदी सरकार अब गिरी तब गिरी के सपने देख रहे हैं। नई सरकार के गठन के बाद पहले संसद सत्र में मोदी सरकार ने जिस कुशलता के साथ विपक्ष के प्रत्येक दांव को ध्वस्त किया उससे विपक्ष बुरी तरह तिलमिला गया है। राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्ष ने पहले लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव पर सरकार को घेरने और उसमें मतदान कराकर गिराने का सपना देखा और फिर नीट पेपर लीक घोटाले पर बहस करने को लेकर अड़ गया किंतु दोनों ही जगह वह मात खाया। यानि संसद के पहले सत्र में विपक्ष ने अनावश्यक रूप से सरकार को गिराने व घरेने का प्रयास किया और विफल रहा। संसद सत्र में कमजोर दिखने के बाद विपक्ष के तेवर और तीखे हो गये हैं वह सची-झूठी बातों को लेकर सरकार आरोप लगा रहा है। सोशल मीडिया स्वयं प्रियंका गाँधी ने ऐसे वीडियो डाले जो फेक थे। वास्तविक मुद्दों से अधिक विपक्ष झूठ फैलाने में सक्रिय है। बारिश में पानी भरने के लिए भी केंद्र सरकार को कोसा जा रहा है और ब्राज़ील का वीडियो रामपथ के नाम से पोस्ट किया जा रहा है। विपक्ष को लगता है इस तरह झूठ फैलाने से मोदी सरकार की छवि प्रभावित हो जाएगी और उसको गिरना सरल होगा। राहुल गांधी सक्रियता के नाम पर आवेश दिखा रहे हैं। उन्होंने लोकसभा की 543 में से 99 सीटों पर सफलता प्राप्त की है और उनका अहंकार इतना अधिक बढ़ गया है कि वह जितनी बार मुंह खोलते हैं उतनी बार हिंदू समाज व उसकी आस्था के प्रतीकों का अपमान करते हैं फिर चाहे वो संसद के अंदर हो या बाहर। जहां जहां कोई दुर्घटना या सामाजिक समस्या है वहां वहां राहुल गांधी का काफिला अपनी राजनीति चमकाने जा रहा है। राहुल अभी तक हाथरस, मणिपुर और असम जाकर अपनी मोहब्बत की दुकान का प्रचार कर चुके हैं। समस्या कोई भी हो, स्थान कोई भी हो राहुल चर्चा केवल मोहब्बत की दुकान की ही करते हैं, इस बीच कोई पत्रकार प्रश्न पूछ ले तो उनके तेवर बदल जाते हैं और वो गुस्से में पैर पटक कर चल देते हैं। सोनिया के समय हिन्दुओं के प्रति कांग्रेस दबी ढकी नफरत राहुल के समय खुल कर सामने आ गई है। राहुल गांधी ने संसद में अपने पहले ही भाषण में सम्पूर्ण हिंदू समाज को हिंसक कहने का दुस्साहस किया। नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी ने जोर देकर इस बात को दोहराया कि- जो अपने को हिन्दू कहते हैं वो हिंसक होते हैं। सदन में प्रधानमंत्री जी ने इसका तत्क्षण इसका प्रतिवाद किया और बाद में अपने संबोधन में भी इस पर विस्तार से चर्चा की तो कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग हंगामा करते रहे। राहुल गांधी ने अपमानजनक तरीके से भगवन शिव का चित्र लहराया और उनके स्वरुप की गलत विवेचना करी। सदन के बाहर विरोध होने पर कांग्रेस ने एक बार झूठ का सहारा लेकर मामले पर लीपा पोती करने का प्रयास किया। नेता प्रतिपक्ष के रूप में पहली बार गुजरात पहुंचे राहुल गांधी इतने अधिक उत्साह में थे कि वह वाराणसी में ही प्रधानमंत्री मोदी को निपटा देते जैसी शब्दावली का प्रयोग करने लगे। राहुल यहीं नहीं रुके, आगे बढ़ते हुए बोले गुजरात से लालकृष्ण आडवाणी ने जो मूवमेंट चलाया था उसे हमने अयोध्या में हरा दिया है। स्पष्ट है राहुल गाँधी को न तो श्री रामजन्मभूमि मुक्ति यज्ञ का इतिहास पता है, न उनमें हिन्दुओं की आस्था के प्रति सम्मान है। राहुल गांधी ने गुजरात में अपने भाषण के माध्यम से हिंदू समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि उन्होंने कांग्रेस की कुछ सीटें बढ़ाकर बड़ी गलती कर दी है। राहुल के इस बयान से कांग्रेस की वामपंथी मुस्लिम परस्त मानसिकता ही बेनकाब हुयी है। आजकल राहुल और अखिलेश फैजाबाद के सांसद को तमगे की तरह साथ लेकर घूमते हैं, उनको अयोध्या का राजा बताते हैं और सनातन समाज का मखौल उड़ाते हैं। यदि इन दोनों को लग रहा है कि अयोध्या में भाजपा को हराकर उन्होंने हिन्दुत्व को हरा दिया है तो यह उनकी बहुत बड़ी भूल है। इनको लग रहा है कि अब लोग न तो जय श्रीराम का नारा लगाएंगे और न ही अयोध्या में श्रीराम का दर्शन करने आयेंगे लेकिन उन्हें नहीं पता कि भगवान राम भारत की आत्मा और सनातन धर्म का मूल हैं। दो लड़कों की जोड़ी को यह बात समझनी चाहिए कि भगवान राम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव भारत की आत्मा हैं और इनका सार्वजनिक उपहास बहुत दिनों तक नहीं बनाया जा सकता। राहुल गांधी के बयानों को सुन सुनकर हिंदू समाज मन ही मन कुढ़ रहा है और अपनी गलती पर सिर धुन रहा है। वहीं संत समाज राहुल को अयोध्या में नहीं घुसने देना चाहता। राहुल गांधी और इंडी गठबंधन के नेताओं को यह बात अछी तरह से पता होनी चाहिए कि लोकतांत्रिक देश के चुनावों में जय-पराजय तो होती ही रहती है किंतु राष्ट्रीय आस्था कभी नहीं बदलती। हिंदू समाज ने श्री रामजन्म भूमि को विधर्मियों से मुक्त कराने के लिए 77 बार भीषण संघर्ष किया और सर्वस्व बलिदान करते हुए अंततः विजय प्राप्त की इस विजय का उपहास कर रहे हैं ये लोग। अयोध्या अपराजिता है विधर्मी उस पर आक्रमण कर सकते हैं जीत नहीं सकते, अयोध्या यश से परिपूर्ण है, दु:खों का हरण करने वाली है और श्रीराम के तेज से प्रकाशित है, आसुरी भावनाओं द्वारा ये कभी पराजित नहीं होगी।

# 40 साल बाद 'पलटा' गया एक महत्वपूर्ण फैसला

जब हुकूमत बदलती है तो संवैधानिक संस्थाओं का कामकाज का तरीका और नजरिया भी बदल जाता है। याद कीजिए मोदी सरकार के आने से पूर्व तक कैसे अयोध्या में रामलला के जन्म स्थान, वाराणसी के ज्ञानवापी मंदिर-मस्जिद और मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद को लटकाया जाता रहा था। कश्मीर से धारा 370 हटाये जाने पर खूब-खराबे की बात कही जाती थी। एक बार में तीन तलाक को शरिया की आड़ में सही ठहरा के लाखों मुस्लिम महिलाओं को एक झटके में घर से बेखर कर दिया जाता था और सरकारें तुष्टिकरण की सियासत और मुस्लिम वोट बैंक के चक्कर में उफ तक नहीं करती थीं। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड शरिया की चादर ओढ़कर सरकार पर दबाव बनाने का काम करता था। हलाला के नाम पर महिलाओं का शारीरिक शोषण और मानसिक शोषण को एक परम्परा बना दिया गया था। मुस्लिम महिलाओं को पारिवारिक सम्पति में उनके हुकूक से महरूम रखा जाता था। बहु विवाह महिलाओं के लिये एक अभिशाप बन हुआ है। धर्म की आड़ में वक्फ बोर्ड जैसी संस्थाएं किसी की भी जमीन मकान पर अपना मालिकाना हक जता देते थे। 1985 में सुप्रीम कोर्ट ने जब एक तलाकशुदा बुजुर्ग मुस्लिम महिला शाहबानो को उसके शौहर से चंद रुपये का मुआवजा देने का आदेश सुनाया तो राजीव गांधी सरकार ने इस फैसले को पलटने में देरी नहीं लगाई थी।

खैर, चालीस साल बाद अब एक बार फिर उसी सुप्रीम कोर्ट ने इतिहास को दोहराते हुए एक अहम फैसले में तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं के गुजारे भत्ता लेने के हक की बात कही है। कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम महिलाएं भी सीआरपीसी की धारा 125 के तहत पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने ये फैसला सुनाया है। दोनों जजों ने फैसला तो अलग-अलग सुनाया, लेकिन दोनों की राय एक ही थी। दोनों ने कहा कि तलाकशुदा मुस्लिम महिला भी गुजारा भत्ता पाने के लिए पति के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 125 के तहत केस कर सकती हैं।सुप्रीम कोर्ट का ये फैसला ठीक वैसा ही है, जैसा कि 23 अप्रैल 1985 में शाहबानो मामले में दिया गया था।

दरअसल, 1985 में इंदौर की एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला शाहबानो ने गुजारा भत्ता हासिल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट ने शाहबानो के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उनके पति मोहम्मद अहमद खान को सीआरपीसी की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया।कट्टरपंथी मुस्लिमों ने इस फैसले को शरिया में दखलंदाजी करार देते हुए विरोध शुरू कर दिया। उस समय की मौजूदा राजीव गांधी सरकार जो मुस्लिम वोटों की बड़ी दावेदार थी, उसे जब लगा कि उसका मुस्लिम वोट बैंक इस फैसले से खिसक सकता है तो तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी कट्टरपंथियों के विरोध के आगे झुक गये और सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी बनाने के लिए मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) कानून, 1986 लाकर मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए कोर्ट के फैसले को पलट दिया।

राजीव गांधी सरकार द्वारा लाए गए मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) कानून, 1986 की संवैधानिक वैधता को 2001 में डेनियल लतीफी बनाम भारत संघ मामले में सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी गई थी। डेनियल लतीफी वकील थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में शाहबानो का प्रतिनिधित्व किया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में 1986 के कानून की व्याख्या इस तरह से की जिससे की अधिनियम में लागू की गई रोक एक तरह से अप्रभावी हो गई। अपने फैसले में कोर्ट ने कहा कि महिलाओं के अधिकार इद्दत की अवधि के आगे भी रहते हैं। कोर्ट के इस फैसले ने सुनिश्चित किया कि मुस्लिम महिलाओं को गरिमा के साथ अपना जीवन जीने के लिए उचित मदद मिले।

राजीव गांधी सरकार ने भले ही शाहबानों केस में मुआवजे के सुप्रीम कोर्ट के आदेश वाले फैसले को कानून बनाकर पलट दिया था,लेकिन मुस्लिम महिलाओं के हक की लड़ाई कभी थमी नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने 2009 में जोर देकर कहा था कि धर्म का पालन करने के अधिकार में दूसरों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने का अधिकार शामिल नहीं है। यह बात खास कर लैंगिक समानता के परिप्रेक्ष्य में कही गई थी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले में इस बात की पुष्टि की गई थी कि पर्सनल ला संवैधानिक अधिकारों के अनुरूप होने चाहिए। इसी प्रकार 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने शमीम बानो नाम असरफ खान मामले में कहा था कि मुस्लिम महिला तलाक के बाद भी अपने पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है और मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष इसके लिए आवेदन कर सकती है। फैसले में इस बात पर जोर दिया गया था कि मुस्लिम पति की जिम्मेदारी हैं कि वह तलाकशुदा पत्नी के भविष्य के लिए गुजारा भत्ता सहित उचित व्यवस्था करें और यह बात इद्दत की अवधि से आगे के लिए भी लागू होती है। इस कड़ी में 2017 में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले को भी नहीं भुलाया जा सकता है।जब सुप्रीम कोर्ट ने तीन तलाक को असंवैधानिक और अवैध करार दे दिया था। कोर्ट ने कहा कि तीन तलाक मुस्लिम महिलाओं के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

कुल मिलाकर 10 जुलाई 2024 को सुप्रीम कोर्ट का अपने अहम फैसले में मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता देने का आदेश व्यापक प्रभाव वाला है। तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं भी पति से भरण-पोषण यानी गुजारा भत्ता पाने की हकदार हों इसमें कोई बुराई भी नहीं हैं। ऐसे फैसलों पर धर्म के नाम पर कतई विवाद नहीं होना चाहिए।लम्बे समय से तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं हक से महरूम थीं।संभवता अब उन्हें न्याय मिल पाये। क्योंकि इस फैसले के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट ने राजीव गांधी सरकार की ओर से उठाए गए एक गलत कदम का प्रतिकार करने के साथ ही मुस्लिम महिलाओं को न्याय देने का काम किया है। एक तरह से इस निर्णय के जरिये सुप्रीम कोर्ट ने यह साबित कर दिया है कि 1985 उसकी पूर्ववर्ती बेंच के द्वारा शाहबानो मामले में दिया गया फैसला सर्वथा उचित एवं संविधान सम्मत था भले ही राजीव गांधी सरकार ने उसे पलट दिया था। 1986 में कट्टरपंथी मुस्लिम संगठनों के दबाव में आकर उनके मन मुताबिक और शरिया के अनुकूल मुस्लिम महिला अधिनियम बनाया था। इस अधिनियम का एकमात्र उद्देश्य मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों का हनन करना था।

चालीस सालों में हालात काफी बदल चुके हैं। तब कांग्रेस पावरफुल हुआ करती थी उसकी जगह बीजेपी ने ले ली है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यह अधिनियम किसी पंथनिरपेक्ष कानून पर हावी नहीं होगा और तलाकशुदा मुस्लिम महिलाएं गुजारा भत्ता के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत याचिका दायर कर सकती हैं।

# दो टूक- राजेश श्रीवास्तव

संविधान हत्या दिवस घोषित कर कांटे से कांटा निकालने की कोशिश कर रही बीजेपी केंद्र की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी अब कांटे से कांटा निकालने की रणनीति पर अमल करती हुई दिख रही है । बीते लोकसभा चुनाव से शुरू हुई संविधान की लड़ाई अब शासनादेश का शक्ल लेती दिख रही है। भाजपा सरकार ने 11 जुलाई को एक आदेश जारी करते हुए कहा कि अब हर 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाया जायेगा।

आखिर भाजपा को बीते 10 सालों के शासन में भी संविधान की हत्या का ख्याल क्यों नहीं आया, जबकि वो बीते दो सरकारों में ज्यादा मजबूत थी। लेकिन इस बार भाजपा ने %संविधान हत्या दिवस के पीछे की रणनीति अपनाकर लोकसभा चुनाव में अपनी कम हुई साख को फिर से मजबूत करने की कोशिश में तेजी से जुट गई है। उसे लगता है कि विपक्ष के, खासकर संविधान के मुद्दे को जितना और जितनी जल्दी कुंद किया जाए, पार्टी के भविष्य के लिए उतना ही फायदेमंद होगा। बीते लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने %370 पार' का नारा लगाया था, लेकिन जब नतीजे आए तो 240 के आंकड़े पर ही फुलस्टॉप लग गया। अनुमान से 100 सीटें कम मिलने के बाद बीजेपी में इसको लेकर कई दौर के मंथन हुए। इनमें से एक मुद्दा जिस पर सबसे ज्यादा चर्चा हुई वो था %संविधान'। इसी एक मुद्दे को विपक्ष ने चुनाव में जमकर भुनाया था। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के अन्य दलों ने लोगों को बताया कि बीजेपी 400 सीटें इसीलिए मांग रही है, क्योंकि वो संविधान बदलना चाहती है। बीजेपी %संविधान हत्या दिवस' के जरिए इसी मुद्दे की काट खोजने में जुटी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संविधान हत्या दिवस मनाया जाना हमें याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था। अधिसूचना में लिखा गया है, ''25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी, उस समय की सरकार ने सत्ता का घोर दुरुपयोग किया था और भारत के लोगों पर ज्यादतियां और अत्याचार किए थे। भारत के लोगों को देश के संविधान और भारत के मजबूत लोकतंत्र पर दृढ़ विश्वास है। इसलिए, भारत सरकार ने आपातकाल की अवधि के दौरान सत्ता के घोर दुरुपयोग का सामना और संघर्ष करने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए 25 जून को %संविधान हत्या दिवस' घोषित किया है और भारत के लोगों को भविष्य में किसी भी तरह से सत्ता के घोर दुरुपयोग का समर्थन नहीं करने के लिए पुन- प्रतिबद्ध किया है।' मालुम हो कि राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान को हाथ में लेकर प्रचार किया और लोगों को समझाने की कोशिश की थी कि बीजेपी अगर दो तिहाई बहुमत से सत्ता में आती है तो बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बनाए संविधान को बदल देगी। राहुल ने सांसद रहे अनंत हेगड़े और फैजाबाद से सांसद रहे लल्लू सिह जैसे बीजेपी के कई नेताओं के बयान का जिक्र करते हुए लोगों को अपने पक्ष में लागे की कोशिश की औऱ नतीजों में फायदा भी होता साफ दिखा। संविधान को बचाने और दलित तथा पिछड़े मतदाताओं को अपनी ओर खींचने में कामयाब रही विपक्ष के इस नारे से बीजेपी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा और उसकी खुद के दम पर स्पष्ट बहुमत की सरकार नहीं बन पायी। वहीं लोकसभा में भी इंडिया गठबंधन के सांसदों ने संविधान हाथ में लेकर सदन की सदस्यता की शपथ ली और नारे लगाए। विपक्ष के इसी नैरेटिव को सफल होता देख बीजेपी सावधान हुई। बीजेपी विपक्ष के संविधान के मुद्दे को कमजोर करने को लेकर पहले लोकसभा के अंदर आपातकाल को लेकर निदा प्रस्ताव लायी और अब केंद्र सरकार ने हर साल 25 जून को %संविधान हत्या दिवस% मनाने की घोषणा कर दी। इससे बीजेपी के संविधान बदलने के विपक्ष के नैरेटिव को नुकसान हो सकता है, क्योंकि हर साल अब कांग्रेस को आपातकाल को लेकर 25 जून टीस की तरह चुभेगा। %संविधान हत्या दिवस' के जरिए देश भर में बीजेपी कई बड़े आयोजन करेगी और आपातकाल के घाव को हरा कर देश को ये याद दिलाएगी कि कैसे 1975 में इंदिरा गांधी ने नियम और संविधान को ताख पर रखकर आपातकाल लागू किया था और इससे लोगों को दमन का सामना करना पड़ा था। विपक्ष के इस बार मजबूती से वापसी करने के बाद से बीजेपी भी माहौल को पूरी तरह भांप चुकी है और इसीलिए सतर्क नजर आने लगी है। वो जानती है कि लोकसभा चुनाव में हुए नुकसान की भरपाई करनी है तो नए सिरे से और तेजी से रणनीति के तहत काम में जुट जाना है, इसमें किसी तरह की कोई चूक की गुंजाइश नहीं रहे। बीजेपी विपक्ष को खासकर कांग्रेस को उसके ही उठाए मुद्दों में ही उलझाना चाहती है. बीजेपी यह भी जानती है कि कांग्रेस पर आपातकाल के जो धब्बे लगे हैं वो इतनी जल्दी धूमिल होने वाले नहीं है। ऐसे में क्यों न %संविधान हत्या दिवस' को संविधान बदलने वाले नारे के काट के रूप में इस्तेमाल किया जाए। आने वाले समय में महाराष्ट्र,हरियाणा समेत तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में बीजेपी की पूरी कोशिश यही है कि वो किसी भी तरह से विपक्ष के संविधान बदलने वाले नारे का तोड़ निकाल सके। इसके लिए फिलहाल उसके पास इमरजेंसी से बड़ा कोई मुद्दा नहीं था क्योंकि कहीं न कहीं यह भी संविधान से ही जुड़ा हुआ है। बीजेपी इसमें कितना सफल रहती है ये तो आने वाला समय ही बताएगा।

## आज का राशिफल

**मेष**:- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

**वृषभ**:- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुन**:- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

**कक**:- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कायरे में आलस्य का त्याग करें।

**सिंह**:- पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या**:- परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला**:- समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिक**:- स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**धनु**:- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्घित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर**:- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभ**:- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीन**:- कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

हिन्दी दैनिक तीसरा विकल्प न्यूज़ लखनऊ से प्रकाशित

सोमवार, 15 जुलाई, 2024



# सोशल ऑडिट से ग्राम पंचायतें होंगी सशक्त : विमल कुमार

**चंदौली।** सोशल ऑडिट से ग्राम पंचायतें होंगी सशक्त विकास कार्यों में आएगी गुणवत्ता उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान, परमानन्दपुर में चल रहे पांच दिवसीय मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) व राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर शनिवार को प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा की सोशल ऑडिट से बढ़ेगी जनजागरूकता। बतौर अतिथि



उपस्थित रिटायर्ड सीडीओ हीरालाल द्वारा प्रतिभागियों को सोशल ऑडिट की प्रक्रिया तथा चुनौतियों पर जानकारी दी गई। इसी क्रम में रिटायर्ड आचार्य शिवप्रकाश ने कहा की सोशल ऑडिट के दौरान सूचनाएं संकलित करना जरूरी कार्य होता है। वहीं रिटायर्ड डीडीओ डा. दयाराम विश्वकर्मा द्वारा प्रशिक्षुओं को मनरेगा के अंतर्गत शिकायत निवारण तंत्र के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम सत्र में प्रतिभागियों द्वारा समूह प्रस्तुतिकरण के माध्यम से पांच दिनों का फीडबैक दिया गया। अन्त में जिला प्रशिक्षण अधिकारी एवं प्रशिक्षण टीम द्वारा सभी प्रतिभागियों को ग्रुप फोटोग्राफ वितरित कर सत्र का समापन किया गया। इस अवसर पर सत्र प्रभारी अमरनाथ द्विवेदी, सुरेश तिवारी, राज्य प्रशिक्षक के.एल. पथिक, जिला सोशल ऑडिट कोआर्डिनेटर शारदानंद पाण्डेय, मास्टर ट्रेनर सुरेश पाण्डेय, राधेश्याम यादव, टीम सदस्य शाह आलम, अनुराधा वर्मा, प्रीती देवी, राकेश सिंह, जितेन्द्र बहादुर, शशिकला देवी, शीला देवी, ओमकार सिंह, चंद्रावती सिंह, विपिन बिहारी, संजय पाण्डेय, सावित्री देवी, इंदू देवी, दीनदयाल पाण्डेय, अशोक शर्मा, राधिका देवी, कैलाश यादव, प्रमोद कुमार, रेखा देवी, अनिल कुमार, राम प्रसाद, स्नेहलता और नीलम देवी सहित जनपद चन्दौली के विकास खंड सकलडीहा और जनपद वाराणसी के विकास खंड पिंडरा, चिरईगांव तथा चोलापुर से चयनित 77 सोशल ऑडिट टीम के सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

## बारिश की वजह से सब्जियों की आवक गिरने से सब्जियों की कीमतों में उछाल

**काशीपुर।** पिछले दिनों हुई लगातार बारिश की वजह से सब्जियों की आवक गिरने से सब्जियों की कीमतों में उछाल आ गया है। भीषण गर्मी के बीच मानसून की बरसात ने भले ही लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी हो लेकिन सब्जियों के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। एक तरफ जहां टमाटर लाल हो गया है तो वहीं प्याज ने भी आंसू निकालने शुरू कर दिए हैं। भारी बारिश ने सब्जी और फलों की फसल को ऽासा नुकसान पहुंचाया है। जिसके बाद मार्केट में सब्जियों और फलों के दाम आसमान छू रहे हैं। वहीं लोगों की रसोई से रोजाना बनने वाली सब्जियां गायब हो गई हैं। आसमान छूने लगे सब्जियों के दाम आम आदमी की रसोई में महंगाई का झटका लगा है। अगर बात करें तो धनिया के भाव भी आसमान पर पहुंच गए हैं। आलू भी 2 रुपये प्रतिकिलो से बढ़कर 4 रुपये किलो बिक रहा है।

## अपहरण के बाद नाबालिग के साथ रेप करने वाला आरोपी गिरफ्तार




**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मितौली पुलिस टीम ने नाबालिग अपहरण कर दुराचार मामले में फरार आरोपी अनुज कुमार पुत्र हरीश कुमार निवासी ग्राम अड़ोरा थाना मितौली जनपद खीरी को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के दतेली पुलिया के पास हिरासत में लिया है विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से बाद में न्यायालय ने सुनवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मितौली राजू राव के नेतृत्व में आरोपित को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक लल्लन सिंह,को परवीन बाबी शामिल रहे।

## समूह की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बैंक अपनी जिम्मेदारी का करें निर्वहन : डीएम




**कानपुर देहात।** जनपद कानपुर देहात में दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अंतर्गत सूक्ष्म वित्त एवं वित्तीय समावेशन विषयक एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी आलोक सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर आयोजन का शुभारम्भ किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण प्रशिक्षण संस्थान राजेन्द्र नगर हैदराबाद से आये नेशनल रेसोर्श पर्सन श्री विद्युत बसु एवं डी के मित्रा द्वारा स्वयं सहायता समूहों के बचत खाता खोलने व सीसीएल की प्रगति करने हेतु जानकारी दी गई जिससे समूह की महिलाओं को अधिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। मुख्य विकास अधिकारी महोदया श्रीमती लक्ष्मी एन. द्वारा शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि स्वयं सहायता समूह खाता खोल कर व समूहों का सीसीएल के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने की दिशा में प्राथमिकता से कार्य करें। उपायुक्त स्वत- रोजगार श्री गंगाराम के द्वारा बैंकों में सीसीएल एवं खाता खोलने के दौरान समूहों को आ रही कठिनाईयों पर चर्चा की गई एवं इस सम्बन्ध में बैंकों से सकारात्मक दिशा में स्वयं सहयता समूहों के सहयोग की अपेक्षा की गई। कार्यशाला में समस्त जिला मिशन प्रबंधक, सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक, समस्त बैंक के जिला समन्वयक, शाखा प्रबंधक, समस्त सहयक विकास अधिकारी (आईएसबी) समस्त ब्लाक मिशन मैनजेर, समस्त बैंक सखियाँ उपस्थित रहे द्य अंत में जनपद में सीसीएल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबंधकों, जिला समन्वयक बड़ौदा उत्तर प्रदेश बैंक, बैंक सखियों, ऐडीओ (आई.एस.बी.) व ब्लाक मिशन प्रबंधकों को प्रसस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत सत्र 2024-25 के संचालन हेतु जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक




**कानपुर देहात।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत सत्र 224-25 के सफल संचालन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एने की अध्यक्षता में माँ मुक्तेश्वरी सभागार कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, द्वारा विषय विशेषज्ञों के चयन, परीक्षा की तैयारी के तरीके, सामान्य अध्ययन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी। प्रशिक्षण केन्द्रों पर छात्र संख्या बढ़ाये जाने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दर बढ़ाने के निर्देश दिये गये साथ ही जनपद स्तरीय अधिकारियों को समयानुसार छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करने हेतु पैनल बनाये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉक्टर प्रज्ञा शंकर जिला बेसिक शिक्षा अजय कुमार, अधिकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुरभि श्रीवास्तव आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## परिषदीय शिक्षक बने मल्टी टास्क टूल : शिक्षक

### ऑनलाइन अटेंडेंस लागू कर सरकार कर रही है बड़ी भूल

**कानपुर देहात।** शिक्षक की नौकरी दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण नौकरियों में से एक है। वे माता-पिता, अनु शासनकर्ता, न्यायाधीश, प्रशासक, शैक्षणिक विशेषज्ञ, संरक्षक और बहुत कुछ जैसे कई अलग- अलग व्यवसायों की भूमिका निभाते हैं और शायद हर समय। यह कोई रहस्य नहीं है कि हमारे शिक्षक इतने सारे काम करते हैं कि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि वे मल्टी टास्किंग में विशेषज्ञ बन गए हैं लेकिन यह सब जानते हुए भी कुछ अल्प ज्ञानी मूर्ख लोग शिक्षकों पर तंज कसते रहते हैं। उन्हें इस क्षेत्र की जानकारी कुछ भी नहीं रहती लेकिन वह ऊल जलूल कमेंट कर अपनी मूर्खता का परिचय देते रहते हैं। एक शिक्षक ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि हम नियुक्त तो शिक्षक पद पर हुए थे लेकिन विभाग ने हमे मल्टी टास्क वर्कर बना दिया है जिनसे शिक्षण के अतिरिक्त सभी कार्य कराये जाते हैं। विद्यालयों में हमारी भूमिका आया की बना दी गई है केवल बच्चों को खाना खिलाना, खेल खिलाना और रखाना। हम चाहकर भी अपने विधार्थियों को पढ़ा नहीं पा रहे हैं। सरकार ने आरटीई का मजाक बना दिया है कहीं सैकड़ों विधार्थियों पर एक शिक्षक तो कहीं कुछ विधार्थियों पर अनेक शिक्षक और कहीं एक भी शिक्षक नहीं किसने की ये व्यवस्था। माननीय उच्च न्यायालय ने हमारी गरिमा बनाये रखने का भरसक प्रयास किया किंतु नीति नियंताओं ने उनके आदेशों को भी हवा मे उड़ा दिया। हमारा ही विभाग हमारे साथ सौतेला व्यवहार करता है। अधिकारियों का तो समय से प्रमोशन करता है और हम शिक्षकों का शोषण करता है। जब एक सहायक अध्यापक को इंचार्ज प्रधानाध्यपक बनाकर काम चला सकते हो तो इंचार्ज बीईओ और इंचार्ज बीएसए, इंचार्ज जिलाधिकारी या अन्य पदों पर इंचार्ज बनाकर काम क्यों नहीं चला सकते, इसलिए कि गरीब की शिक्षा ही गैर जरूरी विषय है जिसके साथ आप अनाप शनाप प्रयोग कर सकते हैं बाकी सभी विषय बेहद जरूरी हैं उन पर प्रयोग करना तो दूर आप उन्हें छेड़ना भी नही चाहते। जनप्रतिनिधि एक दिन सेवा देकर ओपीएस डकार लेतें हैं वो भी कई-कई और हमे आजीवन सेवा पर एनपीएस का झुनझुना थमा देते हैं। मीठा-मीठा गप-गप और कड़वा थू-थू कहाँ से लाते हैं इतना दोगला पन। माना आपकी दृष्टि मे हम गलत हैं, हमारी मांगे गलत हैं तो आप हमारे लिए कुछ मत करिये किंतु आपकी दृष्टि में माननीय उच्च न्यायालय तो सही हैं न तो आप माननीय उच्च न्यायालय के उस आदेश जो आपने वर्षो से रद्दी की टोकरी मे डाल रखा है का पालन कर लीजिये जिसमे सभी नेता और सरकारी अधिकारियों के बच्चों का सरकारी स्कूल मे पढाना अनिवार्य है। अगर आप में वाकई राष्ट्र प्रेम हैं और इतना नैतिक साहस है तो उक्त आदेश का पालन कीजिये वरना राष्ट्र कल्याण का स्वांग मत रचाइये। अभी हाल ही परिषदीय स्कूलों में ऑन लाइन अटेंडेंस लागू की गई है। शिक्षकों को चोर साबित करने की साजिश रची जा रही है। हम ऑन लाइन अटेंडेंस से पीछे नहीं हट रहे हैं लेकिन हमारी भी कुछ मांगे हैं पहले उन्हें तो पूरा करिए। स्कूलों को पर्याप्त संसाधन तो उपलब्ध कराइए और यह व्यवस्था सर्वप्रथम उच्च अधिकारियों के कार्यालय में लागू करिए ताकि यह भी तो पता चले की अधिकारी अपने कार्य को कितनी ईमानदारी के साथ कर रहे हैं।

## यूपी में अब मास्टरजी नहीं मार पाएंगे गोला, लगेगी बायोमेट्रिक हाजिरी

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सूबे की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कमर कस ली है। स्कूलों में शिक्षकों की लेट लतीफी और गैर हाजिरी की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद, सरकार ने अब राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रणाली शुरू करने के आदेश दिए हैं। राजकीय माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों व कर्मचारियों ने अगर अब बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं की तो उनका वेतन कटेगा। अभी तक यह व्यवस्था लागू होने के बावजूद मनमाने ढंग से हाजिरी दर्ज की जा रही थी। उनका वेतन भी नहीं काटा जा रहा था लेकिन अब सख्ती की जाएगी। उनका वेतन बायोमीट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही बनाया जाएगा। परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों के ऑनलाइन उपस्थिति के बहिष्कार के बीच अब माध्यमिक स्कूलों में सख्ती शुरू कर दी गई है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव की ओर से सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों (डीआइओएस) को निर्देश दिए गए हैं कि वह शिक्षकों व कर्मचारियों का वेतन अब बायोमीट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही बनाएं। प्रधानाचार्य हर महीने बायोमीट्रिक उपस्थिति का ब्योरा डीआइओएस कार्यालय भेजेंगे और उसी आधार पर वेतन बनेगा जितने दिन की उपस्थिति नहीं होगी उतने दिन का वेतन काट दिया जाएगा। 18 अगस्त वर्ष 222 को यह व्यवस्था राजकीय माध्यमिक स्कूलों में लागू की गई थी लेकिन शिक्षक व कर्मचारी इस आदेश का मनमाने ढंग से पालन कर रहे हैं। तमाम विद्यालयों में तो बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज करने के लिए लगाई गई मशीन भी खराब है। फिलहाल अब उन्हें इस व्यवस्था का पालन करना ही होगा। उधर दूसरी ओर परिषदीय स्कूलों में बीते आठ जुलाई से ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था लागू की गई है लेकिन शिक्षक इसका लगातार बहिष्कार कर रहे हैं।

## पुलिस के आसपास दिख रहा टॉपटेन हिस्ट्रीशीटर

**भोगनीपुर, कानपुर देहात।** गुरुवार को नवांगतुक क्षेत्राधिकार व थाना प्रभारी ने आगामी मोहर्रम में निकलने वाले ताजिये जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया वही साथ में टॉप टेन अपराधी के साथ थाना प्रभारी व क्षेत्रा अधिकारी के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।मूसानगर थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम व नवांगतुक क्षेत्राधिकार संजय कुमार सिंह ने मोहर्रम में निकलने वाले ताजिये जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने मूसानगर कस्बे पुलिस के साथ पैदल गश्त कर लोगों को शांत व्यवस्था बनाए रखने की अपील की ताजिए जुलूस पर पहुंचकर ताजिये दारों से मिलकर त्योहार को शांतिपूर्ण रूप से मनाए जाने की अपील की उन्होंने मार्ग का परीक्षण कर मूसानगर पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही मूसानगर थाना प्रभारी दिनेश कुमार गौतम का खासम खासा टापंटेन अपराधी कल्लू उर्फ अनवर जिसका नाम टापटेन कि सूची में पहले नंबर पर नाम अंकित है।



किसी ने टापटेन अपराधी के साथ फोटो खींचकर सोशल मीडियापर वायरल कर दी। सूत्रों ने बताया कल्लू उर्फ अनवर टापटेन का अपराधी है। इसके खिलाफ करीब एक दर्जन मुकदमा पंजीकृत गौकशी भूमाफिया 37लूट जैसे मुकदमा पंजीकृत होने के बाद भी थाना पुलिस टापटेन अपराधी को संरक्षण दिए हैं। ऐसे में मूसानगर की जनता पुलिस विभाग पर सवाल खड़े कर रही है। जबकि दो दिन पहले टापटेन अपराधी के खिलाफ मूसानगर के पत्तेयपुर निवासी सफीक अली पुत्र फैयाज सेना के जवान ने थाना पुलिस से लेकर क्षेत्र अधिकारी पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देने के बाद भी थाना प्रभारी ने दबंग टापटेन अपराधी के खिलाफ मूसानगर थाना प्रभारी करवाई करने की वजह उल्टा सेना के जवान पर झूठा मुकदमा लिखने की धमकी दे रहा है। जबकि मूसानगर चौराहे पर भारत माता की रक्षा करने वाले जवान को भी मूसानगर के थाना प्रभारी झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दे रहे हैं। वही सेना के जवान सफीक अली ने बताया मैं और मेरा परिवार सुरक्षित नहीं है। टॉपटेन अपराधी को थाना पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। अपराधी के ऊपर कार्रवाई करने की वजह सेना के जवान पर ही कार्रवाई करने की मूसानगर थाना पुलिस मन बनाए हैं। जवान ने बताया कि अब हम उच्च अधिकारियों से लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चौखट पर पूरा परिवार माथा टेकेंगे फिर भी अगर अधिकारीयो ने नहीं सुनी तो पूरा परिवार अनशन पर बैठने को मजबूर होना पड़ेगा। जबकि टापटेन अपराधी की फोटो मूसानगर थाना प्रभारी व क्षेत्राधिकार के साथ वायरल फोटो के लोगों में तरह-तरह की चर्चा चल रही है। जबकि सेना के जवान कि परिवार डरा और सहमा हुआ है इस संबंध में क्षेत्राधिकार भोगनीपुर संजय कुमार ने बताया कि वायरल फोटो कि जान कारी मिली है। टापटेन अपराधी का इतिहास खंगाला जा रहा है। जल्द से जल्द कार्यवाही कि जाएगी।

## अनियंत्रित डम्फर नदी में गिरने के बाद बाल बाल बचा डंफर चालक



**काशीपुर।** आईटीआई थाना क्षेत्र में देर रात्रि में एक डम्पर अनियंत्रित होकर बहल्ला नदी में जा गिरा। हादसे के बाद डंपर चालक ने बमुश्किल अपनी जान बचाई। इसके बाद रात्रि में ही डंपर मालिक ने उसे मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। डम्पर मालिक काशीपुर निवासी शेरखान के मुताबिक उनका डंपर चालक बाजपुर के कनौरा निवासी युवराज पाल देर रात काशीपुर से डम्पर लेकर कुंडेश्वरी स्थित स्टोन क्रशर जा रहा था कि तभी आईटीआई थाना क्षेत्र में बाजपुर रोड पर ग्राम हिम्मतपुर के समीप बहल्ला नदी के पुल के थोड़ा सा पहले सामने से ओवरटेक कर आ रहे केंटर को बचाने के प्रयास में नीचे पुल के नीचे नदी में जा गिरा। हादसे में डंपर चालक युवराज पाल ने बमुश्किल डम्पर से निकल कर अपनी जान बचाई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे डम्पर के मालिक शेरखान ने डंपर चालक युवराज पाल को बाजपुर रोड स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

## बार भवन में चल रही पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन




**काशीपुर।** बार एसोसिएशन के सभागार मे भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम नए कानून के संबंध में काशीपुर, जसपुर, बाजपुर के अधिवत्तफ़ाओं को न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण द्वारा बार भवन में चल रही पांच दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ। जिसमे न्यायिक अधिकारीगण रितेश कुमार श्रीवास्तव, मोनिका मित्तल, सचिन कुमार, विनीत कुमार श्रीवास्तव, करिश्मा डंगवाल, दीप्ति पंत मौजूद रहें। उत्तफ़ समापन कार्यक्रम में बार एसोसिएशन काशीपुर के पदाधिकारीगण व अधिवत्तफ़ागणों द्वारा पीठासीन अधिकारीगण द्वारा अधिवत्तफ़ाओं को दिए गए ट्रेनिंग के लिए उनका धन्यवाद अदा किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारीगण पायल सिंह, चेतन सिंह गौतम और हर्षिता शर्मा बाहर जाने के कारण उपस्थित नहीं हो पाए उनका भी काशीपुर बार एसोसिएशन द्वारा धन्यवाद अदा किया गया। उत्तफ़ आयोजन में अधिवत्तफ़ाओं व न्यायिक अधिकारीगणों ने भी कहा कि इस तरह की ट्रेनिंग आगे भी जारी रहे इसके लिए प्रयास किए जाएंगे और बार और बेंच का समन्वय हमेशा इसी तरह बना रहे इसके लिए भी अधिक प्रयास किए जाते रहे हैं और आगे भी किए जाएंगे। न्यायिक अधिकारीगण द्वारा अधिवत्तफ़ागणो का भी धन्यवाद अदा किया गया कि उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाया। आयोजन मे काशीपुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, सचिव नृपेन्द्र कुमार चौधरी, उपसचिव सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा, ऑडिटर हिमांशु विश्नोई, अर्पित कुमार सौदा, नरेश कुमार पाल, अमित कुमार गुप्ता, अमृतपाल सिंह, अविनाश कुमार, नरदेव सिंह सैनी, आनंद रस्तोगी, धर्मेंद्र तुली, गिरजेश ऽुलवे, विवेक मिश्रा, रश्मि पाल, दिग्विजय सिंह, अब्दुल रशीद नस्तर, सुरेंद्र सक्सेना, शबाना कबयूम, भुवन नौटियाल, अनुज माथुर, शिवम् कुमार, प्रीति शर्मा, आनंद रस्तोगी, विपिन कुमार अग्रवाल, मुस्तफा मलिक, प्रमोद चौहान, केडी भट्टे, अमित रस्तोगी, समर्थ विक्रम, सुशील चौधरी, कैलाश कुमार, संजय कुमार, सुन्दर सिंह आदि मौजूद रहे।

## उपजिलाधिकारी संग गोला विधायक ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को बांटी राशन किट




**लखीमपुर-खीरी।** संकट की घड़ी में हरसंभव सहायता करने के संकल्प के साथ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व, मार्गदर्शन में जिले की पांच तहसीलों (सदर, निघासन, धौरहरा, पलिया और गोला) में राहत किट वितरित करने का कार्यक्रम जारी है सभी संबंधित उप जिलाधिकारी, तहसीलदार तहसील क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों की हाथों प्रभावित परिवारों को राहत किट बाट रहे है।

इसी क्रम में गोला विधायक अमन गिरी ने एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता संग गोला तहसील के बाढ़ प्रभावित गांव ग्राम रूरा सुल्तानपुर में प्रभावित परिवारों को राहत किट का वितरण कर बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद का भरोसा दिया। विधायक अमन गिरी ने आपदा प्रभावित बच्चों, महिलाओं समेत अन्य लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल भी जाना।

## कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन पर कार्यशाला का आयोजन




**काशीपुर।** कृषि विज्ञान केंद्र में गोविदं बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौघोगिकी विश्वविद्यालय पंत नगर की तरफ से कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास गांवों के सैकड़ों किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जहां पर उपस्थित कृषि अधिकारियों ने मछली, मुर्गी व गाय पालन एवं सह-फसली खेती करके आय बढ़ाने की प्रेरणा दी। गोविदं बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौघोगिकी विश्वविद्यालय पंत नगर के प्रसार शिक्षा निदेशक डा जितेंद्र क्वात्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सपना है कि हर एक किसान की आय दो गुनी हो। इसके लिए गोष्ठी के माध्यम से किसानों को आय बढ़ाने के लिए तौर तरीके बताया जा रहा है। जिससे किसान अपनी आय बढ़ा कर सरकार का सपना पूरा कर सकें। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा किसानों को मुर्गी, बकरी व गाय पालन की जानकारी दी गई। साथ ही धान की रोपाई व गन्ने की खेती में सह-फसली खेती करने की वैज्ञानिक विधि बताई गई। कार्यशाला में उपस्थित प्रगतिशील कृषक उत्पादक संगठन सहकारी समिति काशीपुर के अध्यक्ष बलकार सिंह ने उत्तम खेती करने की किसान भाईयों को सलाह दी। इस अवसर पर पंत नगर विवि गृह विज्ञान की प्राध्यापक डा अनुराधा, सहायक प्राध्यापक डा स्नेहा दोहरे, डा अनिल कुमार, डा विनोद कुमार गौड़, डा वैभव बमौरिया, एफपीओ अध्यक्ष बलकार सिंह, डा सिद्धार्थ कश्यप, प्रतिभा सिंह, डा अनिल चंद्रा,मनीष, डा अजय प्रभाकर एवं किसान चरनजीत सिंह, चंदरजीत सिंह, विजय सिंह, कुंवर पाल सिंह, पलविंदर सिंह, हरी सिंह, रवि कुमार, विजेंद्र सिंह, पूनम मजारिया और पूरन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मुहर्रम को देखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक




**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता कन्हैया कुमार सिंह**

जमुई बिहार – अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में समाहरणालय के संवाद कक्ष में शनिवार को मोहर्रम के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई , जिसमें इस त्योहार को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए जाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने का निर्णय लिया गया। एसडीएम ने लोगों से त्योहार को परंपरागत एवं शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि कोई नई परंपरा की शुरुआत नहीं होनी चाहिए। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे। सुरक्षा की दृष्टिकोण से विवादितों की नकेल कसी जाएगी। किसी भी सूरत में माहौल नहीं बिगड़े इसके लिए सजग और सचेत रहने की जरूरत है। पांच–छः साल पूर्व के पंजी का अवलोकन किया जाएगा। इसमें दर्ज विवादित लोगों पर खास नजर रखी जाएगी। धारा 1०7 के तहत ज्यादा से ज्यादा निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नामित लोगों से बंध पत्र भरवाया जाएगा। जिला साइबर सेल और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की टीम दिन–रात सोशल मिडिया पर नजर रखेगी। उपद्रवी और अफवाह फैलाने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। छोटी–बड़ी घटनाओं की जानकारी एसडीएम और एसडीपीओ को देना सुनिश्चित करें। मोहर्रम के मद्देनजर मस्जिदों के इर्द–गिर्द विशेष तौर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाली सड़कों की साफ–सफाई कराई जाएगी। उन्होंने विद्युत विभाग को ताजिया मार्गों के जर्जर तारों को बदलने और लटके तारों को दुरुस्त करने को कहा। साथ ही सड़कों के गड्ढे भरने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी को दिए जाने की बात कही। ताजियादारों ने कई स्थानों पर नाली के बहाव की बात बताई। उन्होंने इसे ठीक करने के लिए नगर परिषद को कहा। एसडीएम ने शांति समिति के सदस्यों से मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जागरूक रहने की अपील की। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश सुमन ने कहा कि जिला के सभी थानों में स्थानीय शांति समिति की बैठकें हो चुकी हैं। जितने भी जुलूस आयोजक हैं , वे पर्याप्त संख्या में वॉलेंटियर नियुक्त करेंगे जो पुलिस प्रशासन से कंधे से कंधा मिलाकर त्योहार को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग देंगे। उन्होंने वॉलेंटियर की सूची संबंधित थानों को उपलब्ध कराए जाने को कहा। जुलूस निर्धारित रूट से ही जाए और इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। ताजिया की ऊंचाई औसत से अधिक न हो। उन्होंने थानों में होने वाली शांति समिति की बैठकों में पिछले वर्षों के चिह्नित स्थानों के बारे में सावधानी बरतने का निर्देश दिया। शांति समिति के सदस्यों को सुरक्षा व अन्य व्यवस्था के मद्देनजर जरूरी सतर्कता बरतने की सलाह दी। बदमाशों पर खास नजर रहेगी। अगर अवांछित तत्व हुल्लड़बाजी करेंगे तो अंजाम असहनीय होगा। जुलूस के लिए लाइसेंस जरूरी है। इसके लिए निर्धारित मार्ग की जानकारी पूर्व में ही कर लिया जाना चाहिए। तय मार्ग से जुलूस का विचलन न हो यह भी सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। संवेदनशील , अति संवेदनशील जगहों को चिंहित कर वहां पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। प्रतिनियुक्त जवान तय स्थान पर ससमय मुस्तैद रहना सुनिश्चित करेंगे। श्री सुमन ने जिलावासियों से अनुरोध करते हुए कहा कि मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में यथोचित सहयोग दें। राज्य उद्घोषक डॉ. निरंजन कुमार , जमुई जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव शंकर साह , मो. हिफजुर्रहमान , मो. जुनैद , जियाउर रसूल गफ्फारी , हसन अखलाख , मो.अशरफ , राहुल दास समेत जिला शांति समिति के अधिकांश सदस्य बैठक में उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 17 जुलाई को मोहर्रम पर्व निर्धारित है। इस दिन लोग ताजिया निकालेंगे और अखाड़ा का आयोजन करेंगे।

## ग्रामीण विकास और आपदा प्रबंधन के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश शुरु

**सकलडीहा, चंदौली।** सकलडीहा पीजी कॉलेज सकलडीहा में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र संख्या 48०47 में इस सत्र से नया कोर्स में प्रवेश शुरू हो गया है। यह दोनों कोर्स रोजगार परक होने के साथ महिलाओं के लिए विशेष मायने रखता है। यह रोजगारपरक होने के साथ खाद्य पोषण से जुड़ा है। इस बारे में जानकारी देते हुए अध्ययन केंद्र के प्रभारी प्रोफेसर शमीम राईन ने बताया कि उपरोक्त कोर्स के अलावा इग्नू द्वारा राजनीति शास्त्र में एम.ए. नया विषय खुला है और बी. ए. और एमए सभी कोर्सों का यहां संचालन होता है। इच्छुक छात्राएं इग्नू के लिपिक धर्मेंद्र कुमार से संपर्क करके प्रवेश ले सकते हैं या ऑनलाइन इग्नू के वेबसाइट पर जाकर स्वयं प्रवेश ले सकते हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्राओं के लिए निशुल्क प्रवेश है।

## भूमाफियाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

### भू- अभिलेखों में हेरा फेरी कर अर्जित की करोड़ों की संपत्ति



**सुलतानपुर।** जनपद में सैकड़ों लोगों को गुमराह करके अभिलेखों में हेरा फेरी करके करोड़ों रुपए कमाने वाले भूमाफियाओं पर पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही। नगर कोतवाल अरुण द्विवेदी ने बताया कि थाना क्षेत्र के करौदिया पुल के नीचे भूमाफिया नूर अहमद उर्फ मम्मू पुत्र अकबर अली व गुलाम हुसैन उर्फ सलमान पुत्र मो० इजहार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा। भूमामियों पर एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है। पुलिस की इस कार्यवाही से भू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है ! आए दिन आम लोगों में चर्चा रहती है कि पुलिस और भू- माफियाओं की मिली भगत से कब्ज जारी है ! लेकिन पहली बार ऐसी दे ऐसा देखने को मिला कि पुलिस ने वह माफिया के खिलाफ अभियान जारी कर उन्हें जेल का रास्ता दिखाकर पुलिस की गिरती साख को बचा लिया !

# पुलिस ने बाइक चोरी का खुलासा करते हुए मैकेनिक सहित तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



**काशीपुर।** पुलिस ने बाइक चोरी का खुलासा करते हुए मैकेनिक सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें कोर्ट में पेश किया। बीते बुधवार को मोहल्ला शिवनगर निवासी राहुल शर्मा ने घर के बाहर से बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। एसपी अभय प्रताप सिंह के निर्देश पर कटोराताल पुलिस चौकी प्रभारी विपुल जोशी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। सीसीटीवी कैमरे के आधार पर टीम ने बाजपुर रोड से प्रदीप यादव निवासी मोहल्ला थाना साबिक को चोरी की बाइक समेत गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक चोरी का चेसिस, तीन मोटरसाइकिल की टंकिया, मडगार्ड कवर बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशे की लत पूरी करने के लिए चोरियां करता है। चोरी की बाइक वह मुरादाबाद व आसपास क्षेत्रें में बाइक को काटकर उसके पाट्र्स को बेच देता है। कोतवाली प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी केि ऽलाफ विभिन्न धाराओं के 22 मुकदमे दर्ज है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जयप्रकाश उर्फ सचिन निवासी हनुमान मंदिर के पास थाना मझोला, मुरादाबाद वारदात में उसका साथ देता है। जबकि सोनू मसीह निवासी फकीरपुर थाना सिविल लाइन, मुरादाबाद चोरी की बाइकों का काटकर अलग–अलग हिस्से में बेचने का काम करता है। पुलिस ने प्रदीप यादव, जयप्रकाश व सोनू मसीह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जीवन सिंह चफ्ुाल, कांस्टेबल नवीन रजवार, नरीज शुक्ला, एसओजी के हैड कांस्टेबल कैलाश तोमक्याल एसपीओ अमित सिजवाल शामिल रहे।

# मोहर्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा कस्बा जायस का किया गया भ्रमण



**अमेठी।** मोहर्रम के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाये रखने को लेकर शनिवार को जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा कस्बा जायस का भ्रमण कर मोहर्रम के जुलूस मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा प्रभारी निरीक्षक जायस को आवश्यक दिशा/निर्देश दिये गये तथा उपस्थित लोगों से शांति एवं सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाने व अफवाहों को फैलने से रोकने व अफवाहों पर ध्यान न देनें की अपील की गयी।

# ट्रक में लदी दस लाख की सरिया के लुटेरे को गिरफ्तार कर ले गई गोरखपुर पुलिस

**सुलतानपुर।** कोतवाली नगर के पीछे प्रसिद्ध दाल व्यवसाई शंकर कैलाश के यहां माल उतरने से पहले ड्राइवर द्वारा अमेठी में माल पार करने के मामले का खुलासा होने के बाद इसी से मिलती जुलती घटना का गोरखपुर पुलिस ने खुलासा किया है।गोरखपुर की पुलिस ने सुलतानपुर के तीन अभियुक्तों को दबोच कर 1० लाख की सरिया ग़ायब करने के मामले का सफलतापूर्वक खुलासा किया है। गोरखपुर के सरिया व्यापारी आनंद तिबड़वाल के अनुसार गोरखपुर से ट्रक पर लदी 1० टन सरिया राजधानी लखनऊ पहुंचने से पहले ड्राइवर ने उसे सुलतानपुर के उचक्कों के जरिए ठिकाने लगा दिया ।मुकदमा पंजीकृत करने के ठीक एक महीने बाद गोरखपुर की पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए सुलतानपुर के नगर कोतवाली क्षेत्र से एक बदमाश के साथ साथ उसके अन्य दो साथियों को भी अलग–अलग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार करके मामले का खुलासा किया है । व्यवसाई ने बताया कि 1० टन के माल से तकरीबन आधा माल ही बरामद हुआ है। शेष माल का अभी पता नहीं चल सका है ।आनंद टिबड़वाल ने बीते माह 11 जून को ट्रक के जरिये 1० टन सरिया ट्रांसपोर्टर अशोक पांडेय के जरिए ट्रक से 6,०9,378 रूपये की सरिया लदवाकर लखनऊ के लिए भिजवाया था। दी गई प्राथमिकी के अनुसार चार दिन बाद भी गाड़ी जब राजधानी लखनऊ नहीं पहुँची तो वह पुलिस के पास गया। सक्रिय हुई सहजनवा थाने की पुलिस ने कई दिन छापेमारी कर अभियुक्त अब्दुल रहमान पुत्र मो० इस्माइल निवासी सैलख थाना दोस्तपुर जनपद सुलतानपुर हाल पता हुसैनगंज मजरे बंधुआकला थाना बन्धुआकला जनपद सुल्तानपुर,मो० दानिश खान पुत्र एहसानुलहक निवासी लोलेपुर थाना कोतवाली नगर सुलतानपुर, मो० खादिम उर्फ तस्कीन पुत्र अजहर अली निवासी मनियारपुर थाना बन्धुआकला जनपद सुलतानपुर को गिरफ्तार कर आधा माल बरामद किया है।

## ट्रैक्टर से कुचलकर मासूम रियांश की हुई मौत

**सुलतानपुर।** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के भोए गांव के पास मासूम रियांश पुत्र दिलीप कुमार (2) की ट्रैक्टर के कुचलने से मौत हो गई, स्थानीय लोगों के अनुसार रियांश खेलते खेलते सड़क पर आ गया ट्रैक्टर जब तक ब्रेक लेता तब तक रियांश ट्रैक्टर के नीचे दब चुका था, घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से रफू चक्कर हो गया ! घायल अवस्था में रियांश को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने बालक को मृत घोषित कर दिया ! मौके पर पुलिस ने पहुंचकर ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में लेकर आगे की विधि कार्रवाही में जुट गई है ! अचानक हुए इस हादसे से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है !



# जम्मू कश्मीर से संबंधित अधिसूचना पुनर्गठन अधिनियम में संशोधन नहीं

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को स्पष्ट किया कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर के बारे में शनिवार को जारी अधिसूचना में सरकार के कामकाज के नियमों में संशोधन किया गया है और यह अधिसूचना जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2०19 में संशोधन नहीं है जैसा कि कुछ मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है। सूत्रों ने कहा है कि यह अधिसूचना प्रशासन के कामकाज के नियमों में एक साधारण संशोधन है जो किसी भी संदेह की स्थिति से बचने के लिए जारी की गयी है। उन्होंने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्टों में इस अधिसूचना को पुनर्गठन अधिनियम में संशोधन के रूप में गलत तरीके से रिपोर्ट किया है। सूत्रों के अनुसार यह अधिसूचना किसी भी तरह से जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2०19 में निहित शक्तियों के संतुलन को नहीं बदलती है। उक्त अधिनियम अगस्त, 2०19 में संसद द्वारा पारित किया गया है और इसे सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बरकरार रखा गया है। अधिनियम की धारा 32 के अनुसार राज्य की विधानसभा 'पुलिस' और 'कानून व्यवस्था' या भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची में समवर्ती सूची को छोड़कर ,राज्य सूची में सूचीबद्ध किसी भी विषय के संबंध में कानून बना सकती है। उन्होंने कहा कि अधिनियम की धारा 53 के अनुसार, उपराज्यपाल, विधानसभा को प्रदत्त शक्तियों के दायरे से बाहर आने वाले ऐसे किसी भी मामले में अपने विवेक से कार्य करेंगे जो अखिल भारतीय सेवाओं तथा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से संबंधित और कोई अन्य मामला जिसके लिए उन्हें किसी कानून के तहत अपने विवेक से कार्य करने की आवश्यकता है। सूत्रों ने कहा कि विधानसभा की शक्तियों और उपराज्यपाल के कार्यों के लिए उपर्युक्त प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए अधिनियम में स्पष्ट रूप से परिभाषित और चित्रित किया गया है और इसे प्रशासनिक कामकाज के नियमों अथवा 'ट्रांज़ेक्शन ऑफ बिज़नेस' के नियमों में दर्शाया गया है।

# जिला व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन वादियों का उमड़ा हुजूम



**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता कन्हैया कुमार सिंह**

जमुई बिहार – राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से और राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने व्यवहार न्यायालय परिसर में स्थित न्याय सदन के प्रशाल में विभिन्न अदालतों में सुलहनीय मुकदमों के निपटान के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया। व्यवहार न्यायालय परिसर में खास अदालत को लेकर गहमा–गहमी देखी गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार सिंह ने अग्नि ज्योति प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह अदालत सुलहनीय वादों के निपटान के लिए सबसे प्रभावशाली उपकरण है। यहां पक्षकारों को त्वरित और कम खर्च पर अंतिम न्याय दिया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने खास अदालत के जरिए लंबे समय तक चलने वाली कानूनी लड़ाई को समाप्त या रोककर वादियों को राहत देने का काम किया है। इस अदालत में मामलों के निपटान के लिए लचीला रुख अख्तियार किया जाता है। इसके चलते ममलचियों को अल्प समय में अल्प व्यय के साथ त्वरित न्याय मिलता है। इससे वे बार–बार कोर्ट की यात्रा करने और मामले के लिए पूरा दिन आरक्षित करने की परेशानी से बच जाते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुगम , सुलभ और सस्ता न्याय उपलब्ध है। वादों के निपटान में पक्षकारों की हार–जीत नहीं होती है। इसका फैसला अंतिम और चुनौती रहित है। जिला जज ने मुकदमेबाजों से उदारता के साथ मामलों का निपटान कराए जाने की अपील की। सचिव राकेश रंजन ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलभ न्याय , कोई अपील नहीं , अंतिम रूप से निपटारा , समय और धन की बचत जैसे लाभ मिलते हैं। यहां बीमा , बिजली , वन , बैंक , श्रम , खनन , दूरभाष , मापतौल , उत्पाद , वैवाहिक वाद , मोटर दुर्घटना , एनआई एक्ट , राजस्व आदि से संबंधित सुलहनीय प्रकरणों की सुनवाई होती है और उदारता के साथ उसका निस्तारण किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की उतनी ही अहमियत होती है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसलों की होती है। उन्होंने वादियों से इस अदालत का लाभ उठाने की अपील की। जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष शर्मा चंद्रेश्वर उपाध्याय , महासचिव अमित कुमार आदि ने भी राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया और इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। राज्य स्तरीय उद्घोषक डॉ. निरंजन कुमार ने राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन सत्र का मंच संचालन किया और न्यायिक पदाधिकारियों , विद्वान अधिवक्ताओं , पक्षकारों एवं गणमान्य नागरिकों के प्रशंसा के पात्र बने। न्यायिक पदाधिकारी सत्यनारायण शिवहरे , पवन कुमार , अमरेंद्र कुमार , महेश्वर दुबे , अमन पापनाई , संगीता कुमारी , सत्यम , अनुभव रंजन , नेहा त्रिपाठी , नाजिया खान , भाविका सिन्हा , निहारिका सिंह , अहसन राशिद , राज कमल , डीएसपी मुख्यालय मो. आफताब अहमद , कोर्ट कर्मी मुकेश रंजन समेत कई संबंधित अधिकारी , प्रबुद्धजन एवं भारी संख्या में पक्षकार इस अवसर पर उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग में किये जा रहे स्थानांतरण नीति के उल्लंघन पर प्रकाशित खबर का हुआ असर।

**● एक ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चौदह वर्षों से कुण्डली मारे बैठे डॉक्टर का हुआ स्थानान्तरण**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर - आम जन मानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रदेश सरकार के मुखिया एवं सूबे के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री की मंशा पर पानी फेर कर स्वास्थ्य विभाग के रहमों करम पर एक ही स्वास्थ्य केन्द्र पर लगभग चौदह वर्षों से अंगद की तरह पैर जमाए बैठे डॉक्टर के स्थानांतरण को लेकर खबर का प्रकाशन किया गया था जिसे जिले के स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लेकर चौदह वर्षों से एक ही स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात रहे डाक्टर को जिले के स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी ने अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया। आपको बताते चलें खाऊ कमाऊ नीति के तहत उच्च स्तरीय संरक्षण होने के कारण एक ही स्थान पर लगभग चौदह वर्षों से अंगद की तरह पैर जमाये बैठे डॉक्टर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिले के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए स्थानांतरित कर दिया। बताते हैं जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मिश्रिख में तैनात डॉ आनंद मौर्या एक ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लगभग चौदह वर्ष से अंगद की तरह पैर जमाए बैठे हुए थे। और यह डॉक्टर बाहर से जांच एवं दवाई लिखकर जनता का जमकर दोहन कर यह महीने में अपनी सैलरी से दोगुना बाहर की जांच व दवाइयों में कमा रहे थे डॉक्टर साहब की कार्यशैली को लेकर क्षेत्र में आक्रोश पनप रहा था। और लोग डॉक्टर के स्थानांतरण की लगातार मांग भी कर रहे थे। लोगों के बताने के अनुसार जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रित पर तैनात डॉक्टर आनन्द मौर्य के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर जांच एवं दवाएं उपलब्ध होने के बावजूद आम जनमानस का दोहन करने के उद्देश्य से बाहर से ही जांच एवं दवाएं लिखी जाती थी। और मरीज को ऐसे मेडिकल स्टोर एवं पैथोलॉजी पर भेजा जाता था जहां से इन्हें पचास प्रतिशत कमीशन हासिल होता था। जनहित में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर ने अपने कार्यालय पत्रक 2260 दिनांक 11 जुलाई 2024 के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख डॉ आनंद मौर्य को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऐलिया के लिए स्थानांतरित कर दिया है। फिलहाल आम जनमानस में फैले आक्रोश को दबाने के उद्देश्य से स्थानांतरित तो कर दिया लेकिन यहां सोचने वाली बात यह है कि उच्च स्तर पर बैठे अधिकारी किस प्रकार से स्थानांतरण नीति का पालन करवा रहे थे जिनकी नजर एक ही स्वास्थ्य केंद्र में चौदह वर्षों से तैनात रहे चिकित्सक पर नहीं पड़ी। आम जनमानस की सोच है कि प्रदेश के मुखिया को प्रदेश कार्यालय में स्क्रीनिंग करने की आवश्यकता है जिनके रहमों करम पर जिले में कई वर्षों से अंगद की तरह पैर जमाये चिकित्सक अधीक्षक आम जनता का दोहन कर रहे हैं और उनके संरक्षण में दिन दूने रात चौगुने अवैध अस्पतालों का संचालन बदस्तूर जारी है। जनपद सीतापुर के स्वास्थ्य केन्द्रों स्थानांतरण नीति का उल्लंघन कर ऐसे अनेकों चिकित्सक तैनात हैं।

# ग्रीन अमेठी अभियान अन्तर्गत कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा रोपे गये 17००० पौधे



**अमेठी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राहुल गांधी के जन्मदिन पर प्रत्येक बूथ पर पौधारोपण एवं 3 वर्ष रखरखाव संकल्प के साथ अमेठी जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के प्रस्ताव पर अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने शनिवार को पौधरोपण कर कहा कि संपूर्ण अमेठी संसदीय क्षेत्र में अमेठी कांग्रेस ग्रीन अमेठी का नया संकल्प लेते हुए अमेठी संसदीय क्षेत्र के सभी 17 ब्लॉकों में कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता एक–एक लगाने के साथ संकल्प पूरा करेगा और आज 17००० पौधे रोपे गए। किशोरी लाल शर्मा ने जिला मुख्यालय ब्लॉक के केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल,पूर्व जिला अध्यक्ष योगेंद्र मिश्रा,मुन्ना सिंह त्रिसुंडी, प्रवक्ता अनिल सिंह, पूर्व प्रमुख यूनुस,धर्मेंद्र शुक्ला कार्यालय प्रभारी बृजेश तिवारी ने साथ पौधा रोपण किया। इस दौरान सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा की पौधारोपण करने वाले सभी साथियों से आग्रह अनुरोध एवं निवेदन है कि परिवार के सदस्य की तरह पौधरोपण कर लगाए गए पौधे की सेवा देख रेख करें। पौधारोपण के तहत बूथ,गांव, न्याय पंचायत, ब्लॉक पर सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी व नेताओं ने कांग्रेस ग्रीन अमेठी में बढ़ चढ़कर भाग लिया और पौधरोपण किया।गौरीगंज कांग्रेस कार्यालय पर पौधारोपण के बाद गौरीगंज नगर पालिका अंतर्गत एमडीएस विद्यालय राजगढ़ में भी कांग्रेस नेताओं द्वारा पौधारोपण किया गया।

# अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग के पश्चात वितरित किया गया प्रमाण पत्र




**बाजार शुकुल अमेठी।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के प्रयोजन सेंटर ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट स्टेट के तत्वाधान में ब्लॉक बाजार शुकुल पर शनिवार को ग्राम पेयजल हितग्राहियों को क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम में डा. ओकार नाथ सिंह ने प्रमाण पत्र बाटते हुए कार्यक्रम की सराहना की उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से ग्राम पंचायत के सरकारी एवं गैर सरकारी हितग्राहियों द्वारा शुद्ध पेयजल का प्रचार प्रसार होगा और घर–घर तक जन–जन तक इसकी जानकारी भी होगी इसी क्रम में बताएं कि जल हमारे जीवन के लिए सबसे मूल्यवान हैं यदि जल नहीं है तो हम नहीं है इसलिए पीने से पहले इसके गुड़ के बारे में सभी को जानकारी होना चाहिए इस तरह की ट्रेनिंग का उद्देश्य सभी विभाग को एक साथ जोड़कर समुदाय के सभी वर्गों के बीच पहुंचना होता है कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रबंधक उदय नाथ मिश्र ने कहा की सभी प्रशिक्षु को सरकार के तरफ से इतना जानकारी दिया जा रहा है कि यह अपने आसपास या सभी के लोगों को जानकारी प्रदान कर सके इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अध्यापक बाल विकास प्रचार से आंगनवाड़ी समूह की महिलाएं एनम आशा सभी मिलकर 185 लाभार्थियों ने इस कार्यक्रम का लाभ उठाया कार्यक्रम में आलोक तिवारी भीष्म प्रताप सिंह संदीप ओझा शिव कैलाश शुक्ला प्रज्वल सिंह शिखा तिवारी आदि मौजूद रहे।

# चौथे मैच में जिम्बाब्वे को हराकर भारत ने दर्ज की 3–1 की अजेय बढ़त, गेंदबाजों पर बरसे जायसवाल–गिल




**हरारे।** जिम्बाब्वे ने मारुमानी और मधवेरे की 63 रनों की साझेदारी के दम पर 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया ने यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल की नाबाद साझेदारी की बदौलत 15.2 ओवर में 156 रन बनाए और 10 विकेट से मुकाबला जीत लिया। भारत और जिम्बाब्वे के बीच जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला शनिवार को खेला गया। इस मैच में भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हराकर सीरीज में 3–1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इस सीरीज का अंतिम मुकाबला रविवार (14 जुलाई) को खेला जाएगा। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर मेजबानों को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। जिम्बाब्वे ने मारुमानी और मधवेरे की 63 रनों की साझेदारी के दम पर 20 ओवर में सात विकेट पर 152 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया ने यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल की नाबाद साझेदारी की बदौलत 15.2 ओवर में 156 रन बनाए और 10 विकेट से मुकाबला जीत लिया। गिल–जायसवाल की मैच जिताऊ साझेदारी 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने विस्फोटक प्रदर्शन किया। दोनों ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक लगाए। जायसवाल ने 29 गेंदों में अपना पचासा पूरा किया जबकि गिल ने अपने अर्धशतक को पूरा करने के लिए 35 गेंदों का सहारा लिया। दोनों ने जिम्बाब्वे के गेंदबाजों की क्लास लगाते हुए इस मुकाबले को 28 गेंदों के शेष रहते खत्म कर दिया। इस मैच में जायसवाल 53 गेंदों में 13 चौके और दो छक्कों की मदद से 93 रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, गिल ने 39 गेंदों में 58 रन बनाए। दोनों इस मैच में नाबाद रहे। जिम्बाब्वे की पारी जिम्बाब्वे के लिए पहले बल्लेबाजी करने उतरे मधवेरे और मारुमानी ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 63 रनों की विशाल साझेदारी हुई जिसे अभिषेक ने नौवें ओवर में तोड़ा। उन्होंने मारुमानी को रिंकू सिंह के हाथों कैच कराया। वह 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे। वहीं, मधवेरे 25 रन बनाकर आउट हुए। टीम को तीसरा झटका ब्रायन बेनेट के रूप में लगा जो सिर्फ नौ रन बना पाए। इसके बाद मोर्चा सिकंदर रजा ने संभालने की कोशिश की। हालांकि, जिम्बाब्वे का बल्लेबाज ज्यादा देर तक विकेट पर नहीं टिक पाए। कैंपबेल तीन रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद टीम को पांचवां झटका कप्तान रजा के रूप में लगा जो 28 गेंदों में 46 रन बनाकर आउट हुए। दिलचस्प बात यह है कि इस मुकाबले में डेब्यू कर रहे तुषार देशपांडे ने उन्हें आउट किया। रजा के रूप में उन्हें टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की पहली सफलता मिली। इस मैच में मायर्स ने 12, मदांडे ने सात और अकरम ने चार (नाबाद) रन बनाए। भारत के लिए खलील अहमद ने दो विकेट चटकाए जबकि देशपांडे, सुंदर, अभिषेक और शिवम को एक–एक विकेट मिला।

# जायसवाल और कप्तान गिल के अर्धशतक की बदौलत भारत ने जीती टी20 श्रृंखला

**यशस्वी जायसवाल (नाबाद 93) के ताबड़तोड़ और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 58) के संयमित अर्धशतक तथा दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 156 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने शनिवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदकर पांच मैच की श्रृंखला में 3–1 से अजेय बढ़त हासिल की।**



**हरारे ।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (नाबाद 93) के ताबड़तोड़ और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 58) के संयमित अर्धशतक तथा दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 156 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने शनिवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की। भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे पर दूसरी दफा 10 विकेट के अंतर से जीत हासिल की। 2016 में इसी स्थल पर भारत ने मेजबान टीम को 10 विकेट से हराया था। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए कामचलाऊ गेंदबाज शिवम दूबे और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन से जिम्बाब्वे को सात विकेट पर 152 रन पर रोक दिया। जायसवाल और गिल की मदद से उछाल भरी पिच पर यह लक्ष्य महज 15.2 ओवर में 156 रन बनाकर हासिल कर लिया। टी20 विश्व कप में जायसवाल को खेलने का मौका नहीं मिला था, उन्होंने 53 गेंद की नाबाद पारी में विकेट के चारों ओर शॉट लगाये। उनकी पारी में 13 चौके और दो छक्के जड़े थे। गिल ने संयम से खेलते हुए जायसवाल को ताबड़तोड़ रन जुटाने दिये तथा 39 गेंद की नाबाद पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जमाये। जायवाल का जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा पर बैक-ड्राइव शॉट दर्शनीय था और रिचर्ड नगारवा की गेंद पर छक्का भी उतना ही आकर्षक था। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाजों की खामियों का पूरा फायदा उठाते हुए जायसवाल ने नौ चौकों से अपना अर्धशतक पूरा किया जबकि तब शुभमन 15 रन पर ही थे। जिम्बाब्वे के कप्तान रजा के पास इन दोनों के चौकों छक्कों को रोकने का कोई विकल्प नहीं था। बस सवाल था कि जायसवाल अपना शतक पूरा कर पायेंगे या नहीं। या फिर गिल अपना अर्धशतक बनायेंगे। गिल ने अपना अर्धशतक पूरा किया। इससे जायसवाल के पास शतक पूरा करने के लिए रन नहीं बचे। लेकिन उन्होंने शानदार पुल-शॉट के साथ मैच खत्म किया। इससे पहले जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने 28 गेंद में 46 रन की पारी खेली। लेकिन भारत के पांचवें गेंदबाज अभिषेक (तीन ओवर में 20 रन देकर एक विकेट) और छठे विकल्प दूबे (दो ओवर में 11 रन देकर एक विकेट) ने अच्छे गेंदबाजी प्रयास से जिम्बाब्वे को दबाव में रखा। इन्होंने खतरनाक दिख रही वेस्ले माधेवेरे (24 गेंद में 25 रन) और टाडीवानाशे मारूमनी (31 गेंद में 32 रन) की सलामी जोड़ी को आउट करके मध्य ओवरों में लगाम कसी। कप्तान रजा ने हालांकि अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके लगाकर जिम्बाब्वे को 150 से अधिक रन के स्कोर तक पहुंचाया। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को छोड़कर सभी भारतीय गेंदबाजों को विकेट मिले। पदार्पण करने वाले मध्यम गति के गेंदबाज तुषार देशपांडे (तीन ओवर में 30 रन देकर एक विकेट) का पहला स्पैल काफी अधिक फुल लेंथ वाली गेंद या बहुत शॉर्ट गेंद लेंथ वाला रहा। इससे दोनों सलामी बल्लेबाज माधेवेरे और मारूमनी आसानी से बाउंड्री बनाने में सफल रहे। पर देशपांडे के लिए अच्छा रहा कि वह रजा का विकेट लेने में सफल रहे। पहले तीन मैच में जिम्बाब्वे के लिए पहले विकेट की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी नौ रन की थी लेकिन माधेवेर और मारूमनी ने 63 रन की साझेदारी निभायी, हालांकि यह इतनी तेज नहीं थी।

## गुकेश और प्रज्ञानानंदा 45वें शतरंज ओलंपियाड के लिए भारतीय टीम में



**नवंबर में विश्व शतरंज चौम्पियनशिप में चीन के मौजूदा विश्व चौम्पियन डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले गुकेश के लिए यह टूर्नामेंट 'ड्रेस रिहर्सल' की तरह होगा। गुकेश (18 वर्ष) ने इस साल शानदार प्रदर्शन किया है।**

**चेन्नई।** भारत के स्टार खिलाड़ी डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा हंगरी के बुडापेस्ट में सितंबर में होने वाले आगामी शतरंज ओलंपियाड में भाग लेंगे। नवंबर में विश्व शतरंज चौम्पियनशिप में चीन के मौजूदा विश्व चौम्पियन डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले गुकेश के लिए यह टूर्नामेंट 'ड्रेस रिहर्सल' की तरह होगा। गुकेश (18 वर्ष) ने इस साल शानदार प्रदर्शन किया है। वह अप्रैल में टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चौम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष नितिन नारंग ने पीटीआई को पुष्टि करते हुए बताया कि टीम में अर्जुन एरिगेसी, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा भी शामिल हैं। महिला टीम में डी हरिका, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव मौजूद हैं। ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी अज्ञात कारणों से टीम से बाहर हैं जिन्होंने 2022 में कांस्य पदक जीता था। भारत ने पहली बार 2022 में ओलंपियाड के पिछले चरण की मेजबानी की थी जिसमें मेजबान देश ने ओपन और महिला दोनों वर्गों में कांस्य पदक जीता था। यह ओलंपियाड का 45वां चरण होगा। हंगरी पहली बार आधिकारिक रूप से इसकी मेजबानी करेगा।

## उतार–चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 27 अंक टूटा, निफ्टी में भी मामूली गिरावट

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को उतार–चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स 27 अंक के मामूली नुकसान में रहा। निवेशकों ने कंपनियों के जून तिमाही के नतीजों से पहले प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली की। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 27.43 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,897.34 अंक पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में इसमें अच्छी तेजी थी और यह 245.32 अंक चढ़कर दिन के उच्चतम स्तर 80,170.09 अंक तक चला गया था लेकिन बाद में प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से यह नीचे आया और एक समय 460.39 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 8.50 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 24,315.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 24,402.65 अंक तक गया और नीचे में 24,193.75 अंक तक आया।जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''दोनों मानक सूचकांक में कारोबार सीमित दायरे में रहा। कंपनियों के पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम से पहले बाजार शेयरों के उच्च मूल्यांकन को युक्तिसंगत ठहराने को संघर्ष करता दिख रहा है। सेंसेक्स के शेयरों में बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, सन फार्मा, नेस्ले, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। लाभ में रहने वाले शेयरों में आईटीसी, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और टाइटन शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी कारोबार के दौरान तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार बुधवार को उल्लेखनीय रूप से बढ़त में रहे थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 583.96 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।




## SPORTS न्यूज़

### कोपा अमेरिका सेमीफाइनल मुकाबले में हुई मारपीट, हार की झल्लाहट में उरुग्वे की टीम ने फैन को पीटा

कोलंबिया ने उरूग्वे पर 1–0 से तनावपूर्ण जीत के बाद 23 साल में पहली बार कोपा अमेरिका फुटबॉल चौंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। हालांकि, आखिरी सीटी बजने के बाद खिलाड़ियों और दर्शकों के बीच में झड़प हो गई। कोलंबिया के लिए 39वें मिनट में जैफरसन लेरमा ने गोल किया। अब कोलंबिया का सामना रविवार को गत चौंपियन लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना से होगा। उरुग्वे की टीम तीसरे स्थान के मुकाबले में कनाडा से खेलेगी। कोलंबिया इससे पहले 2001 में अपनी मेजबानी में कोपा अमेरिका खिताब जीता था। इस मैच में एक लाल कार्ड के अलावा सात पीले कार्ड दिखआए गए। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच काफी धक्का मुक्की देखी गई। मैच के बाद दर्शकों के बीच हुए झगड़े में डारविन नुनेज और उरूग्वे के दर्जनों खिलाड़ी कूद पड़े। एक वीडियो में दिखाया गया कि नुनेज ने कोलंबिया की जर्सी पहने एक फैन को पीटा। इस पूरे मामले के कई वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे हैं। दूसरी ओर, टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला कोलंबिया और अर्जेंटीना के बीच 14 जुलाई को मियामी गार्डन्स, फ्लोरिडा में हार्ड रॉक स्टेडियम में खेला जाएगा। अर्जेंटीना ने कनाडा को 2–0 से हराकर खिताबी मुकाबले के लिए क्वालीफाई किया था। मैच में मेसी ने भी गोल दागा।

### इटली के मुसेत्ती पहली बार सेमीफाइनल में, सात बार के चौम्पियन जोकोविच से होगा सामना

**लंदन।** इटली के लोरेंजो मुसेत्ती ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर विम्बलडन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और कैरियर में पहली बार वह किसी ग्रैंडस्लैम में अंतिम चार में पहुंचे हैं। उन्होंने साढे तीन घंटे तक चला यह मुकाबला 3 . 6, 7 . 6, 6 . 2, 3 . 6, 6 . 1 से जीता। वह पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम में चौथे दौर से आगे पहुंचे हैं लेकिन अब उनके सामने नोवाक जोकोविच के रूप में कैरियर की सबसे बड़ी चुनौती है। सात बार के चौम्पियन जोकोविच 13वीं बार विम्बलडन और 49वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनलमें पहुंचे हैं और उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की है। महिला वर्ग में 2022 की चौम्पियन एलेना रिबाकिना ने एलिना स्वितोलिना को 6 . 3, 6 . 2 से हराया। वहीं 31वीं रैंकिंग वाली बारबरा क्रेइसिकोवा ने 13वीं रैंकिंग वाली येलेना ओस्टापेंको को 6 . 4, 7 . 6 से मात दी।

### नोवाक जोकोविच ने विंबलडन सेमीफाइनल में की एंट्री

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कूल्हे की चोट के कारण बुधवार को एलेक्स डि मिनोर के हटने पर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय डि मनोर ने सेंटर कोर्ट पर जोकोविच के खिलाफहोने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले से घंटों पहले टूर्नामेंट से हटने की घोषणा की। डि मिनोर ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''बेशक यह वह घोषणा नहीं है जो मैं करना चाहता था। मैं टूट चुका हूं।'' उन्होंने बताया कि सोमवार को चौथे दौर में आर्थर फिल्स पर 6–2, 6–4, 4–6, 6–3 की जीत के दौरान उन्होंने 'क्रैक' की आवाज सुनी थी। जब वह मैच समाप्त हुआ तो डि मिनोर सावधानी से नेट की ओर गए लेकिन बाद में मीडिया से बात करते समय उन्होंने स्थिति की गंभीरता को कम करके आंका। इस वॉकओवर से जोकोविच ने 13वीं बार विंबलडन सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से उन्होंने पुरुष एकल में रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। दूसरे वरीयता प्राप्त जोकोविच ने पुरुष एकल में रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात विंबलडन में जीते हैं। फाइनल में जगह बनाने के लिए जोकोविच का सामना शुक्रवार को टेलर फ्रिट्ज और लोरेंजो मुसेटी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### भारत के श्रीलंका दौरे से पहले वनिंदु हसरंगा ने छोड़ी कप्तानी, टी20 वर्ल्ड कप 2024 में टीम ने किया था खराब प्रदर्शन

एक तरफ श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने भारत के खिलाफ खेली जाने वाली टी20 और वनडे सीरीज का शेड्यूल जारी किया। तो वहीं दूसरी तरफवानिंदु हसरंगा ने भारती टीम के श्रीलंका दौरे से पहले ही टी20 फॉर्मेट की कप्तानी को छोड़ दिया। इसकी जानकारी उन्होंने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने दी है। बता दें कि, भारत सीमित ओवरों की सीरीज के लिए श्रीलंका का दौरा करेगा। जिसकी शुरुआत 26, 27 और 29 जुलाई को पाल्लेकल अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के साथ होगी। इसके बाद कोलंबो में दोनों टीमों के बीच तीन वनडे अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जाएंगे। हसरंगा ने हाल में संपन्न टी20 विश्व कप में श्रीलंका की कप्तानी की थी जिसमें टीम सुपर आठ चरण में जगह बनाने में नाकाम रही थी। बयान में हसरंगा के हवाले से कहा गया कि, एक खिलाड़ी के तौर पर श्रीलंका के लिए मैं हमेशा सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा और हमेशा की तरह अपनी टीम और कप्तान का समर्थन करूंगा और उनके साथ खड़ा रहूंगा। एसएलसी ने कहा कि उसने हसरंगा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। एसएलसी ने कहा कि, श्रीलंका क्रिकेट उनके इस्तीफे को स्वीकार करते हुए यह बताना चाहता है कि हसरंगा हमारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट योजनाओं में हमारे लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बने रहेंगे।

### 26 जुलाई से शुरू होगी श्रीलंका के खिलाफटी20 सीरीज, बीसीसीआई ने की कार्यक्रम की घोषणा

वर्तमान में भारतीय युवा टीम जिम्बाब्वे दौरे पर है। लेकिन इसके बाद भारतीय टीम टीम को 26 जुलाई से श्रीलंका के खिलाफटी20 और वनडे सीरीज खेलनी है। जिसके लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीसीआई ने भारत के श्रीलंका दौरे का शेड्यूल जारी किया है। जहां भारतीय टीम 26 जुलाई से श्रीलंका के खिलाफ3 मैचों की टी20 सीरीज में हिस्सा लेगी। जिसके बाद दोनों टीमों के बीच इतने ही वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। जो कि 1 अगस्त से शुरू होगी। श्रीलंका के खिलाफटी20 और वनडे सीरीज का कार्यक्रम 26 जुलाई– पहला टी20 मैच (पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम) 27 जुलाई– दूसरा टी20 मैच (पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम) 29 जुलाई– तीसरा और आखिरी टी20 मैच (पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम) 1 अगस्त– पहला वनडे मैच (कोलंबो, प्रेमदासा स्टेडियम) 4 अगस्त– दूसरा वनेड मैच (कोलंबो, प्रेमदासा स्टेडियम) 7 अगस्त– तीसरा और आखिरी वनडे मैच (कोलंबो, प्रेमदासा स्टेडियम) वहीं कहा जा रहा है कि, श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया की कमान हार्दिक पंड्या को मिल सकती है। बता दें कि, हाल ही में संपन्न हुए टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीत के बाद रोहित शर्मा ने टी20 फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। जिसके बाद हार्दिक पंड्या के नाम पर बतौर टी20 कप्तान के नाम की अटकलें शुरू हो गई हैं। जबकि वनडे सीरीज के लिए टीम इंडिया की कमान केएल राहुल के हाथ में जा सकती है। दरअसल, रोहित शर्मा ने बोर्ड से लंबा ब्रेक लिया है। जिस कारण उनकी अनुपस्थिति में केएल राहुल वनडे सीरीज के लिए टीम के कप्तान हो सकते हैं।

### पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी ने बाबर आजम को लिया आड़े हाथ, कहा काफी मौके मिल चुके है उन्हें

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला शाहिद अफरीदी ने टी20 विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद आलोचना झेल रहे कप्तान बाबर आजम को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें काफी मौके दिये जा चुके हैं और अब पीसीबी को उनकी कप्तानी को लेकर फैसला लेना चाहिये। पूर्व चौम्पियन पाकिस्तान को टी20 विश्व कप में अमेरिका और भारत ने हराकर ग्रुप चरण से ही बाहर कर दिया। वर्ल्ड लीजैंड्स चौम्पियनशिप में भाग लेने बर्मिंघम गए अफरीदी ने वहां मीडिया से कहा ,'' बाबर को पाकिस्तान की कप्तानी के पूरे मौके दिये गए। उसे बतौर कप्तान अपनी उपयोगिता साबित करने का काफी समय मिला। अब पीसीबी जो भी आत्ममंथन करना चाहे, उसे फैसला लेना होगा।'' उन्होंने कहा ,'' मैं भी पाकिस्तान का कप्तान रह चुका हूं और यूनिस खान तथा मिसबाह उल हक भी। लेकिन जब भी टीम ने विश्व कप में खराब प्रदर्शन किया है , पहली छुरी कप्तान पर चली है।'' बाबर चार विश्व कप और दो एशिया कप में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। अफरीदी ने यह भी कहा कि पीसीबी अगर नया कप्तान नियुक्त करता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक–अनूप सिंह
आरएनआई न० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।